नई दिल्ली

बुधवार, 13 दिसंबर 2023

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 27, अंक : 248
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 07

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




09 भारत जूनियर हॉकी टीम विश्व कप सेमीफाइनल में






हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

आज होगी शुरूआत

विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

के निर्माण की

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

की गरिमामयी उपस्थिति में

छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री

श्री विष्णु देव साय

एवं

मंत्रिमण्डल के सदस्यगण आज लेंगे

शपथ

सेवा की | सुशासन की | सुरक्षा की | विकास की

दिनांक- 13 दिसम्बर, 2023
स्थान- साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर
समय- दोपहर 2.00 बजे

सबका साथ-सबका विकास
सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ महतारी

# हमने बनाया है
# हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की
# गारंटी

### कृषक उन्नति योजना

हम "कृषक उन्नति योजना" की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गत:

- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी ₹ 3,100 में की जाएगी।
- किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किस्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे।
- प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### महतारी वन्दन योजना

हम 'महतारी वन्दन योजना' की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को ₹ 12,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

### 18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान

हम अपनी पहली 'कैबिनेट बैठक' में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन-राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।

### बोनस की गारंटी

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर 2023 को किसान भाइयों को मिलेगा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस

### पी.एस.सी. परीक्षा में पारदर्शिता

हम राज्य में सभी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया को UPSC की तर्ज पर सुव्यवस्थित करेंगे, ताकि भविष्य में सभी शासकीय भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का समावेश हो।

### तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस

- हम प्रदेश में तेंदूपत्ता का संग्रहण ₹ 5,500 प्रति मानक बोरा में करेंगे।
- वर्तमान संग्रहण अवधि में 15 दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त संग्राहकों को ₹ 4,500 तक बोनस, चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएँ पुनः प्रदान की जाएंगी।

### श्रीरामलला दर्शन

हम प्रदेशवासियों को हमारे आस्था के प्रतीक प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे।

### दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना

हम 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।

### रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती

हम प्रदेश के 1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।

### 500 में सिलेंडर

हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर प्रदान करेंगे, इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी चलाने में मदद मिलेगी।

# संकल्प निभाएंगे
# समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगे...

**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

नई दिल्ली
बुधवार, 13 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 27, अंक : 248
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 07

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



09 भारतीय महिला टीम इकलौते टेस्ट में इंग्लैंड को टक्कर देने तैयार




# बड़ा सवाल : क्या मोदी सरकार में मंत्री बनाए जाएंगे रमन, शिवराज और वसुंधरा?

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली


भाजपा हाईकमान ने बहुत ही कायदे से बिना किसी शोर शराबे के छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में नए चेहरों को मुख्यमंत्री तय करने की प्रक्रिया को आखिरकार सिरे चढ़ा ही दिया। देखने में भले ही यह सहज और सरल नजर आता हो पर तीनों राज्यों में पुराने दिग्गजों को किनारे करना इतना आसान नहीं था।

विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से ही केन्द्रीय नेतृत्व के लिए छत्तीसगढ़ में रमन सिंह, मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में वसुंधरा राजे को साइड लाइन करना कोई आसान खेल नहीं था। लोकसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले इन तीनों राज्यों में अगर बगावती सुर सुनाई देते तो भाजपा के लिए हालात पेचीदा हो सकते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यह भली भांति जानता था। दिल्ली में बैठे भाजपा के रणनीतिकार बखूबी जानते थे कि मुख्यमंत्री कोई भी बने पर लोकसभा चुनाव के महासमर में रमन सिंह, शिवराज और वसुंधरा राजे की जरूरत पड़ने वाली है। यही वजह थी कि भाजपा नेतृत्व ने तीनों राज्यों में विधायक दल का नेता चुनते समय नाम का प्रस्ताव इन तीनों नेताओं से ही अपने अपने राज्यों में रखवाया।

बड़ा सवाल यही है कि क्या जल्द ही शिवराज सिंह चौहान और वसुधंरा राजे मोदी मंत्रीमंडल में शामिल होंगे? जबकि रमन सिंह को स्पीकर बनाने की घोषणा हुई लेकिन देखना होगा कि क्या उन्हे भविष्य में केंद्र में जिम्मेदारी मिलेगी? जवाब आसान नहीं है। पीएम मोदी भावनाओं में बहकर फैसला नहीं लेते हैं। वे कोई भी राजनैतिक फैसले से पहले हर पहलु को परखते हैं। उनका नजरिया बहुत ही स्पष्ट होता है और वे तय करने के बाद पीछे कदम हटाने के लिए नहीं जाने जाते हैं। गौर करिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

## आखिरकार सिरे चढ़ी तीनों राज्यों में दिग्गजों को किनारे कर नए चेहरों को सीएम बनाने की रणनीति


शिवराज सिंह चौहान



रमन सिंह


वसुंधरा राजे

## लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा हाईकमान ने बखूबी साधे जातीय समीकरण

### भाजपा ने पद देकर दिया बड़ा संदेश

भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बावजूद ब्रॉड मोदी का ही कमाल है कि मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे धुरंधर क्षेत्रीय नेताओं ने पर्ची पर लिखे नाम को पढ़कर सुनाने के बाद ताली बजाई और मुस्कान बिखेर दी। छत्तीसगढ़ में आदिवासी, मध्यप्रदेश में ओबीसी और राजस्थान में ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव के लिए जातीय समीकरण साध लिए हैं। मध्यप्रदेश में राजेन्द्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा को उपमुख्यमंत्री बनाकर ब्राह्मण और दलित वर्ग को साधने की रणनीति अपनाने के बाद अब राजस्थान में राजपूत दीया कुमारी और दलित वर्ग के प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाकर बड़ा संदेश देने की कोशिश की गई है।







## खबर संक्षेप

### 3 महीने बाद फिर भड़की 'महंगाई की आग'



**नई दिल्ली।** महंगाई में एक बार फिर उछाल देखने को मिला है। खुदरा मुद्रास्फीति में एक बार फिर तेजी आई है। सब्जी, अनाज समेत खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गयी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में 4.87 प्रतिशत और पिछले साल यानी 2022 के इसी महीने में 5.88 प्रतिशत के स्तर पर थी। महंगाई दर अगस्त में 6.83 प्रतिशत थी।

### अब 14 मार्च तक फ्री में आधार कर सकेंगे अपडेट



**नई दिल्ली।** आधार ने फ्री में आधार को अपडेट करने की डेडलाइन एक बार फिर से बढ़ा दी है। आधार को फ्री में अपडेट करने की डेडलाइन 14 दिसंबर को समाप्त हो रही थी। अब 14 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आधार प्राधिकरण यूआईडीएआई ने एक आधिकारिक अपडेट में डेडलाइन को बढ़ाने की जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि नागरिकों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रियाओं को देखते हुए आधार अपडेशन की डेडलाइन को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

## विधायकों के ग्रुप फोटो में वे चौथी पंक्ति में बैठे थे, वसुंधराराजे ने पर्ची से नाम पढ़ा तो वे आगे आए

### ब्राह्मण चेहरा भजन लाल शर्मा नए मुख्यमंत्री मनोनीत, पहली बार के विधायक, चार बार के संगठन महामंत्री

# राजस्थान में भाजपा का नया 'भजन'

### दो नए डिप्टी सीएम मनोनीत


दीया कुमारी


प्रेमचंद बैरवा

नए विधानसभा अध्यक्ष


वासुदेव देवनानी

◆ *नौ दिन से जारी सियासी उथल-पुथल पर आखिरकार लगा विराम। केंद्रीय पर्यवेक्षकों राजनाथ सिंह, विनोद ताबड़े और सरोज पांडेय ने मंगलवार को शाम 4 बजे विधायक दल की बैठक की। बीच बैठक में राजनाथ ने वसुंधरा को पर्ची थमाई। पर्ची देखकर वसुंधरा को झटका लगा। हालांकि, उन्होंने ही मनोनीत सीएम के नाम का ऐलान किया*

### राजस्थान में भी मोदी-शाह की सोशल इंजीनियरिंग

### सीएम ब्राह्मण वर्ग से, एक डिप्टी सीएम राजपूत तो दूसरा ओबीसी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

मंगलवार को राजस्थान में मुख्यमंत्री पद के लिए जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। तीन दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से कई नामों को लेकर चर्चा चल रही थी। इस बीच भाजपा ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की और विधायक दल की बैठक में 55 साल के भजन लाल शर्मा के नाम पर मुहर लगी।

वे सांगानेर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इनके नाम का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रखा। इसके साथ ही पार्टी ने तय किया है कि राजस्थान में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। इसके लिए प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के नाम पर मुहर लगी है। स्पीकर के लिए वासुदेव देवनानी का नाम फाइनल किया ▶▶ शेष पेज 5 पर




शपथ 15 को

### भरतपुर के रहने वाले हैं शर्मा

शर्मा सांगनेर सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48081 वोटों से शिकस्त दी थी। विधायक दल की बैठक से पहले हुए फोटो सेशन में वे चौथी पंक्ति में बैठे थे। कुछ देर भाजपा ने उनका नाम प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के लिए घोषित कर दिया। शर्मा सामान्य वर्ग से हैं। संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। लंबे समय से वे संघ से जुड़े हुए हैं। साथ संगठन में भी उनकी अच्छी पकड़ है। वे पोस्ट ग्रेजुएट हैं। शर्मा मूलरूप से भरतपुर के रहने वाले हैं। शर्मा दस साल से भाजपा प्रदेश महामंत्री हैं। इससे पहले पहले यह मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ में शपथ आज,सजेगा विष्णु दरबार

छत्तीसगढ में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री की कमान सौंपी है। अब यहां पर शपथ ग्रहण समारोह साइंस कॉलेज मैदान पर बुधवार को आयोजित किया गया है। इसकी तैयारी मंगलवार की देर रात तक चलती रही। समारोह स्थल पर जिला प्रशासन के सारे अधिकारी और भाजपा नेता रात तक डटे रहे। शपथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मोदी सहित ये केंद्रीय मंत्री भी आएंगे

समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, मनसुख मंडाविया, केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले, बिसेश्वर तुडू, के अलावा मुख्यमंत्रियों में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नई सरकार का बुधवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे लाल परेड में शपथ ग्रहण समारोह

# मोहन आज लेंगे सीएम पद की शपथ पीएम मोदी-शाह व नड्डा होंगे शामिल

### दोनों उप मुख्यमंत्री शुक्ला देवड़ा भी लेंगे शपथ

### भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में बांटे गए काम







विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में गठित होने वाली मप्र की नई सरकार का बुधवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे लाल परेड मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। गरिमामय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मोहन यादव एवं उनके ▶▶ शेष पेज 5 पर

### उमा भारती से मिले मोहन यादव



*नरोत्तम और मोहन मिले*



*कमलनाथ ने दी बधाई*



### ऐतिहासिक होगा शपथ ग्रहण समारोहः वीडी


संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। उधर, नव नियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से उनके निवास पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने दोनों का आशीर्वाद और सहयोग मांगा। मोहन यादव ने मंगलवार प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंच कर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओंसे भी मुलाकात की। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार की सुबह नव नियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव से वीआईपी गेस्ट हाउस में जाकर मुलाकात की और उन्हें बधाई, शुभकमनाएं दीं।

### एनपीसीआई-आरबीआई की खास तैयारी

## यूपीआई से जल्द ही अब डॉलर में कर सकेंगे पेमेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में बीते कुछ सालों में यूनिफ़ाइड पेमेंट इंटरफ़ेस (यूपीआई) से डिजिटल पेमेंट में जबरदस्त उछाल देखा गया है। एक अच्छी खबर है कि भारत का यूपीआई अब ग्लोबल होने की राह पर है। दरअसल, जल्द ही यूपीआई से अब डॉलर में पेमेंट किया जा सकेगा। यूपीआई सिस्टम एक



स्पेशल अपडेट के लिए तैयार है, जिससे लेन-देन डॉलर में संभव हो सकेंगे। इससे मुद्राओं में ग्लोबल लिमिट के पार निर्बाध लेनदेन के दरवाजे खुलेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जनवरी में होने वाली क्वाड की बैठक भी टली

## अब गणतंत्र दिवस पर भारत नहीं आएंगे राष्ट्रपति बाइडेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले साल होने वाले गणतंत्र दिवस के लिए भारत नहीं आ रहे हैं। उन्हें भारत की तरफ से चीफ गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया था। इस मामले से परिचित लोगों ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के अगले महीने गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य



अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए भारत आने की उम्मीद नहीं है। इसके साथ ही भारत में जनवरी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जेईई मेन की तारीखों का रखा गया ध्यान

## सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं होंगी 15 फरवरी से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) वर्ष 2023-24 के दौरान 10वीं और 12वीं में रजिस्टर्ड रेगुलर और प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए आयोजित की जाने वाली वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम (डेट शीट 2024) जारी कर दी है।

सेकंड्री और सीनियर सेकंड्री की वार्षिक परीक्षाओं



का आयोजन 15 फरवरी से किया जाएगा। परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेंगी। बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं की तिथियों के निर्धारण में विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मानकों का पालन नहीं करने पर नोटिस

## 197 मेडिकल कॉलेज की की जाएगी मान्यता रद्द!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने 349 मेडिकल कॉलेजों में से करीब 50 प्रतिशत यानी 197 कॉलेजों को मानकों का पालन न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक, मानकों का पालन नहीं करने पर देश के आधे मेडिकल कॉलेज अपनी मान्यता भी खो सकते हैं। अगर गलती नहीं सुधारेंगे, तो इन कॉलेजों में एक साल के लिए प्रवेश रोक दिया जा ए गा । गौरतलब है कि राष्ट्रीय चि कि त्सा आ यो ग (एनएमसी) ने मानकों का पालन न करने के कारण पिछले दो महीनों में लगभग ▶▶ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप

### कश्मीरी गेटः आग लगने से दो मंजिला इमारत ढही

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में दो मंजिला इमारत का एक हिस्सा आग लगने से ढह गया। इस इमारत में ऑटोमोबाइल के कलपुर्जे बनाने वाली एक इकाई भी थी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात हुई घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, विभाग को रात करीब नौ बजकर 25 मिनट पर कश्मीरी गेट इलाके के निकलसन रोड इलाके में एक ऑटो कलपुर्जे विनिर्माण इकाई से फोन आया और इमारत में आग लगने की सूचना दी गई। दमकल की कम से कम 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाने में लगभग आठ घंटे लग गए। डीएफएस अधिकारी ने बताया कि आग को बुझाने के बाद जगह को ठंडा करने के अभियान के दौरान इमारत का बड़ा हिस्सा ढह गया। पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### उमर अब्दुल्ला की तलाक की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला की तलाक की याचिका खारिज कर दी और कहा कि उनकी अपील सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखा जिसने अब्दुल्ला को तलाक देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के 2016 के फैसले के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दायर अपील में कोई दम नहीं है। अब्दुल्ला ने अलग रह रही पत्नी पायल अब्दुल्ला से इस आधार पर तलाक मांगा है कि पायल ने उनके साथ क्रूर आचरण किया है। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हमें पारिवारिक अदालत के इस विचार में कोई खामी नहीं मिली कि क्रूरता के आरोप अस्पष्ट और अस्वीकार्य हैं।

# डकैती में शामिल आधा दर्जन बदमाश गिरफ्तार, साढ़े 31 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने आंनद विहर में डकैती के एक मामले में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 31.46 लाख रुपए और अपराध में इस्तेमाल ऑटो बरामद किया गया है। इन्हें पटना जंक्शन, बिजनौर और दिल्ली से पकड़ा गया। गिरफ्तार बदमाशों के नाम शहजाद, सईद, जमील, अरशद, ललिता प्रसाद और शमीम बताये गये हैं।

स्पेशल सीपी रविन्द्र यादव के मुताबिक 28 नवंबर को गाजीपुर, यूपी निवासी एक शख्स ने शिकायत दी कि वह सुबह करीब सवा 10 बजे पत्नी के साथ आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरे।



## यूपी से सोना खरीदने दिल्ली आए थे पति पत्नी

दंपति को सोना खरीदने के लिए चांदनी चौक जाना था। दंपति ऑटो में सवार हो गए। कुछ दूर पहुंचने पर चालक ने इंजन में खराबी का बहाना बनाकर ऑटो रोक दिया। तभी वहां एक अन्य ऑटो पहुंचा तो चालक ने दंपति को उस ऑटो में बैठने के लिए बोला। उस ऑटो में पहले से दो यात्री सवार थे। दंपति उसमें सवार हो गए। कुछ दूर जाने पर ऑटो में यात्री बनकर बैठे बदमाशों ने धमकी देकर उनका बैग लूट लिया। दंपति को नीचे उतार फरार हो गए। बैग में करीब 50 लाख रुपये थे। क्राइम ब्रांच ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। एक ऑटो का नंबर मिल जो जगदंबा विहार निवासी महावीर सिंह के नाम से पंजीकृत था। ट्रैफिक यूनिट से ऑटो से जुड़ी जानकारी जुटाई गई। दो चालान सरफराज और आफताब के नाम पर पंजीकृत मिले। अथॉरिटी में एक मोबाइल नंबर रजिस्ट्र्ड मिला। कॉल डिटेल का विश्लेषण और संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटा पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर ली। इसके बाद यूपी, बिहार और दिल्ली में कई जगह रेड मार सभी छह आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस ने लूटी गई रकम से 31.46 लाख कैश और वारदात में इस्तेमाल दो ऑटो जब्त किये हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया वे कई वारदातें कर चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं। जेल से रिहा होने के बाद आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये सभी दिल्ली आ गए और नफीस नामक एक व्यक्ति के घर में रुके। वहीं गिरोह का सरगना है।


■ आरोपियों को पकड़ने के लिए यूपी, बिहार और दिल्ली में कई जगह मारी थी रेड

## स्पेशल सेल ने किया हथियार तस्करी करने वाले रैकेट का पर्दाफाश

# हाशिम बाबा गैंग को सप्लाई होने आई 11 पिस्टल जब्त, तीन दबोचे







हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने हथियार तस्करी करने वाले रैकेट के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि पिस्टल मध्य प्रदेश से खरीदी गई थी। इन्हें दिल्ली में हाशिम बाबा गैंग को सप्लाई किया जाना था। गिरफ्त में आये तस्करों के नाम प्रयागराज, यूपी निवासी विमल कुमार (19), सुमित कुमार (19) और खारगोन, मध्य प्रदेश निवासी अमरजीत सिंह (35) हैं। डीसीपी आलोक कुमार के अनुसार इस सिंडिकेट में शामिल बदमाशों के बारे में इनपुट मिला था कि वे पिस्टल लेकर एमपी से दिल्ली आए हैं। पुल प्रहलादपुर अंडरपास, एमबी रोड के पास हथियारों की डिलीवरी देंगे। पुलिस ने ट्रैप लगा विमल कुमार और सुमित कुमार को पकड़ लिया। तलाशी में इनके पास से से 10 पिस्टल मिली। पूछताछ में दोनों ने खुलासा हुआ कि पिस्टल खारगोन में एक हथियार सप्लायर से खरीदी गई थी। इन्हें हाशिम बाबा गैंग को सप्लाई किया जाना था। अमरजीत से आठ हजार में खरीदी गई पिस्टल आगे 25 हजार में बेचते थे। पिछले दो साल में ये 50 से ज्यादा अवैध हथियार सप्लाई कर चुके थे। इनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी को निजामुदीन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। अमरजीत सिंह ने पुलिस को जानकारी दी कि वह खुद पिस्टल बनाता है और पिछले 10 साल से इस अवैध कारोबार में शामिल है। वह इंदौर में भी इसी तरह के एक मामले में शामिल रह चुका है।

# एफबीआई निदेशक पहुंचे दिल्ली पुलिस मुख्यालय




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर आपसी सहयोग का दिया आश्वासन

एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर ए रे मंगलवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। रे के साथ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी मौजूद थे। एफबीआई प्रमुख की यात्रा के मद्देनजर मुख्यालय के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा पुख्ता की गई थी। पुलिस अधिकारियों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

दिल्ली पुलिस के अनुसार आतंकवाद, साइबर धोखाधड़ी और फर्जी कॉल सेंटर समेत कई अन्य मुद्दों पर उनसे लंबी चर्चा हुई। एफबीआई निदेशक को मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों व संगठनात्मक ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। मीटिंग में आपराधिक मामलों पर सूचनाओं का आदान-प्रदान और ढांचागत सुधार के लिए संभावित आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी बल दिया गया। रे ने दिल्ली पुलिस को एफबीआई प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी इस यात्रा से भविष्य में संबंधों में गुणात्मक वृद्धि होगी। वहीं दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने भी समय निकालने और मुख्यालय पहुंचने के लिए एफबीआई निदेशक को धन्यवाद दिया।

## हाईकोर्ट ने आप को कार्यालय के लिए भूमि आवंटित करने संबंधी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में इसके कार्यालय के निर्माण के लिए भूखंड आवंटित करने का अनुरोध किया गया है।

निर्वाचन आयोग ने अप्रैल में आप को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय और भूमि एवं विकास अधिकारी को एक नोटिस जारी कर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने विषय की अगली सुनवाई 23 मार्च के लिए सूचीबद्ध की है। आप ने अपनी



याचिका में कहा कि केंद्र की नीतियों के अनुसार और अन्य सभी राष्ट्रीय दलों को नई दिल्ली में कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए भूखंड आवंटित करने के मद्देनजर यह सुनिश्चित करना प्रतिवादियों की जिम्मेदारी है कि इसी तरह का आवंटन याचिकाकर्ता को भी हो। आप ने दावा किया कि यह अपने राष्ट्रीय और दिल्ली इकाई के कार्यालयों के निर्माण के लिए कुल 1,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का भूखंड पाने का हकदार है। याचिका में कहा गया है कि (केंद्रीय मंत्रालय) का 13 जुलाई 2006 का ज्ञापन, दोनों सदनों में 15 सदस्य तक की संख्या रखने वाले राष्ट्रीय दलों को स्पष्ट रूप से 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का भूखंड आवंटित करने का प्रावधान करता है। इसमें कहा गया है कि यह दिल्ली प्रदेश इकाइयों के लिए 500 वर्ग मीटर तक अतिरिक्त आवंटन का प्रावधान करता है, जहां राष्ट्रीय पार्टी का दिल्ली विधानसभा में प्रतिनिधित्व हो। अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी ने अपने राष्ट्रीय और प्रदेश इकाई कार्यालयों के निर्माण के लिए आप को भूखंड आवंटित करने से केंद्र के इनकार करने को चुनौती दी है।

## यमुना विहार : साइबर ठगों ने बुजुर्ग को रिश्तेदार के अपहरण का डर दिखाकर ठगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साइबर अपराधियों के एक गिरोह ने दिल्ली के 62 वर्षीय एक व्यक्ति से उसके एक रिश्तेदार के अपहरण का डर दिखाकर 50,000 रुपये कथित तौर पर ठग लिए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपियों ने लक्ष्मी चंद चावला से कहा कि उन्होंने उसके एक रिश्तेदार का अपहरण कर लिया गया है और अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वे उसे नुकसान पहुंचाएंगे।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा कि हमें उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार निवासी लक्ष्मी चंद चावला से 24 अक्टूबर को शिकायत मिली थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें अपने व्हाट्सएप पर एक कॉल आया था। आरोपी ने उन्हें यह डर दिखाया कि उनके रिश्ते के भाई के 25 वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया गया है और अगर उन्हें पैसे नहीं दिए गए तो वे उसे नुकसान पहुंचाएंगे। पुलिस ने आगे कहा कि कॉल के दौरान शिकायतकर्ता को पीछे से एक आदमी के रोने की आवाज सुनाई दे रही थी। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने उसे एक अलग नंबर दिया जिस पर भुगतान करने को कहा गया। पुलिस उपायुक्त ने दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि पीड़ित डर गया और उसने 50,000 रुपये आरोपियों को भेज दिए। पुलिस ने कहा कि बाद में उन्होंने अपने रिश्ते के भाई से बात की तो उन्हें पता चला कि उनका अपने बेटा घर पर सुरक्षित है।

## शादीपुर मेट्रो स्टेशनः युवती ने किया खुदकुशी का प्रयास, सीआईएसएफ कर्मियों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शादीपुर मेट्रो स्टेशन पर सोमवार शाम एक युवती ने खुदकुशी का प्रयास किया। जिस समय युवती रेलिंग से नीचे कूदने वाली थी तभी सीआईएसएफ कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। सीआईएसएफ प्रवक्ता असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल अपूर्व पांडे के अनुसार यह घटना सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे शादीपुर मेट्रो स्टेशन की है। इलाके की ही रहने वाली 20 साल की एक युवती अपनी मां के साथ प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची।

अचानक से वह कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन की ओर जाने के लिए प्लेटफार्म से आगे निकल मेट्रो ट्रैक की रेलिंग तक पहुंच गई। इसे रेलिंग पर देख नीचे सड़क पर खड़े लोगों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। यह बात पता चलते ही सीआईएसएफ की क्यूआरटी, बम निरोधक दस्ते की टीम और एक महिला जवान स्टेशन नियंत्रक के साथ पहुंच गई। लोग शोर मचा उसका ध्यान भटकाने का प्रयास करते रहे तभी मौका देख सुरक्षाकर्मियों ने इस लड़की को ट्रैक से सड़क की ओर छलांग लगाने से पहले ही रोक लिया। इस घटना के बाद मेट्रो पुलिस ने युवती की काउंसलिंग भी करवाई है।



## परिसर में प्रदर्शन पर रोक नहीं, केवल निर्धारित स्थानों पर ही इसकी अनुमति होगी : जेएनयू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक अधिकारी ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन पर रोक नहीं लगाई गई है, बल्कि निर्धारित स्थानों पर ही ऐसा करने की अनुमति होगी। विश्वविद्यालय परिसर में हड़ताल एवं धरना के खिलाफ एक दिन पहले उठाये गये कई सख्त कदमों को लेकर जेएनयू आलोचनाओं से घिर गया था।

जेएनयू ने संशोधित 'चीफ प्रॉक्टर ऑफिस' नियमावली में कहा है कि संस्थान के अकादमिक भवन के 100 मीटर के दायरे में पोस्टर लगाने या धरना देने पर 20,000 रुपये तक का जुर्माना लग सकता है या (संस्थान से) निष्कासन किया जा सकता है। जबकि किसी भी 'राष्ट्र विरोधी' गतिविधि पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगेगा। अधिकारी ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि परिसर के प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रदर्शन करने पर 20000 रुपये का जुर्माना कोई नया नहीं, बल्कि पुराना नियम है और उसे पिछले ही महीने विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (ईसी) ने सर्वसम्मति से मंजूरी



दी थी। अधिकारी ने कहा कि हमने कुछ भी नहीं बदला है। ये नियम पहले से थे। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कि अकादमिक प्रक्रिया बाधित न हो, कुछ नये नियम लाए हैं। विद्यार्थियों को अब भी निर्धारित स्थानों पर प्रदर्शन करने का लोकतांत्रिक हक है। जवाहरलाल नेहरू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने नवंबर में जारी की गई 'चीफ प्रॉक्टर ऑफिस' नियमावली को सोमवार को साझा किया था। उसमें 28 तरह के खराब आचरणों का जिक्र है जिनमें राष्ट्रविरोधी नारेबाजी के लिए 10000 रुपये जुर्माना, दीवारों पर पोस्टर, अकादमिक भवन के 100 मीटर के दायरे में प्रदर्शन पर पाबंदी एवं अन्य दंडनीय गतिविधियों का जिक्र है। ऐसी हरकतों के लिए 20,000 रुपये तक के जुर्माने या विश्वविद्यालय से निष्कासन तक के प्रावधान हैं। छात्र संघ ने कहा था कि नियमावली में बताये गये कठोर कदमों का लक्ष्य उस जीवंत परिसर संस्कृति का गला घोंटना है जिसने दशकों से जेएनयू को परिभाषित किया है। जेएनयूएसयू मांग करता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन आफिस आफ चीफ प्रॉक्टर मैन्युअल की नयी नियमावली को वापस ले।

### नियमावली को सिर्फ ईसी द्वारा मंजूरी प्रदान कर कानूनी रूप से मजबूत बनाया गया

कुलपति शांतिश्री पंडित ने कहा कि बुरे आचरणों के विरुद्ध नियम एवं विनियम विश्वविद्यालय में काफी पहले से ही थे और उस नियमावली को बस ईसी द्वारा मंजूरी प्रदान कर कानूनी रूप से मजबूत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह कोई नई नहीं, बल्कि पुरानी नियमावली है। पिछले महीने ईसी द्वारा सर्वसम्मति से पारित इस नियमावली को कानूनी रूप से सशक्त बनाया गया था। मद्यपान, मादक पदार्थ के सेवन, छात्रावास में दुर्व्यवहार तथा महिलाओं से अभद्रता जैसी अनुशासनहीनता के लिए जुर्माने हैं। सन 1969 से प्रॉक्टर कार्यालय कार्रवाई करता व जुर्माना लगाता रहा है और निष्कासन करता रहा है। छात्र संगठनों ने यह कहते हुए इस कदम की निंदा की है कि यह असंतोष दर्ज कराने के विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक हक को छीनता है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में नीलोखेड़ी कारसा ढांड रोड (एसएच-33) (रोड आईडी 7407) पर कि.मी. 12.600 पर एनबीके कैनाल और एसवाईएल पर 2 अदद एचएल स्टील ब्रिजेज का निर्माण (सीआरएफ स्कीम के तहत)। | 09.12.2023 01.01.2024 | 2255.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | सोहना, जिला गुरुग्राम में न्यू ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 23.12.2023 | 38.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | जिला परिषद करनाल | गांव कालसोरा से जापती छापरा तक सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत (एच-3914)। | 08.12.2023 04.01.2024 | 106.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2983072 xenzpkarnal@gmail.com |
| 4 | महिला एवं बाल विकास कैथल | डब्ल्यूसीडीपीओ कार्यालय, सिवान, कैथल ग्रामीण, पुण्डरी हेतु वाहनों स्विफ्ट डिजायर अथवा समकक्ष वाहन को किराये पर लेना। | 04.12.2023 20.12.2023 | ईएमडी 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467648450 poktl.wcd@gmail.com |
| 5 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा, फतेहाबाद | ई निविदा मुद्रण इत्यादि 2023-24 सिविल सर्जन, फतेहाबाद। | 14.12.2023 02.01.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996913229 cds.ftb1@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | गांव गोरड़ के बाढ़ के पानी को निकालने और उपयोग करने हेतु 2 अदद वर्टिकल टरबाईन को प्राप्त करना। | बंद होने की तिथि 27.12.2023 | ईएमडी 43296/- | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नेहराना सिरसा | सिरसा मेजर डिस्टी. के आरडी 0 से 20722 ऑफ-टेकिंग आरडी 91400-एल तक न्यू मोची वाली माइनर की पुनः स्थापना। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 131.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |
| 8 | पंचायती राज पुन्हाना, नूह | गांव गोधोली, ब्लॉक पुन्हाना, जिला नूह (जैडपी) में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 15 कार्य। | 12.12.2023 18.12.2023 | 70.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168771845 sdoprpnh007@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज रायपुर रानी, पंचकूला | थारवा : गांव थारवा, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में सामान्य शमशान घाट को पूरा करना, स्कीम : एफएफसी + 3 कार्य। | 09.12.2023 18.12.2023 | 14.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9646881091 sdopr.raipurrani@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज नूह | गांव तैन, जिला परिषद क्र. सं. 176, ब्लॉक व जिला नूह - 122107 (जैडपी) में कुरेशी कब्रिस्तान में नमाज चबूतरा का निर्माण + 1 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 8.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813021761 sdoprnuh@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज सिरसा | मोचीवाली - गांव मोचीवाली, ब्लॉक नाथुसरी चोपटा, जिला सिरसा में विश्वकर्मा मंदिर के निकट तालाब (तालाब यूआईडी - 01HRSRSNTS0058MOCH002) का कायाकल्प + 1 कार्य। | 02.12.2023 22.12.2023 | 321.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां, ब्लॉक बोंद कलां, जिला चरखी दादरी में आईपीबी गलियों की पेवमेंट्स (एमएलए) 1) यूएनएन रोड से चौ. रणधीर के मकान तक 2) बिजेन्द्र चौहान के मकान से रणधीर पुत्र रामपाल के मकान तक + 1 कार्य। | 11.12.2023 22.12.2023 | 66.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज हिसार | ढाणी राजू, हांसी-1, मंदिर के पास वाला तालाब की आर/वॉल का निर्माण (एचजीवीवाई) + 2 कार्य। | 11.12.2023 27.12.2023 | 20.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज सिरसा | बकरियांवाली - गांव बकरियांवाली, ब्लॉक नाथुसरी चौपटा, जिला सिरसा में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 01.12.2023 21.12.2023 | 202.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/280/23330/I/88/7 दि. 12.12.23

खबर संक्षेप

### आतिशी ने अधिकारियों पर आरोप लगाने का रचा है एक नया खेल : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि ऐसा लगता है कि मंत्री आतिशी एक तरह की इवेंट मैनेजर हैं जो खबरों में रहने के लिए हर दिन एक नया इवेंट बनाती हैं। मंगलवार को आतिशी ने मटिया महल विधानसभा क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सीवरेज समस्याओं का निरीक्षण किया और कहा कि लोगों को हो रही कठिनाइयों के लिए दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी जिम्मेदार हैं। मंत्री आतिशी ने कुछ भी गलत होने पर अधिकारियों पर आरोप लगाने का एक नया खेल रचा है।

### बादली रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन हुआ खत्म

नई दिल्ली। बादली रेलवे स्टेशन पर पिछले तीन दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन लिखित आश्वासन के बाद मंगलवार को खत्म हो गया है। जनहित प्रयास समिति के महासचिव हितेश शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 9 दिसंबर 2023 से लगातार तीन दिन से बादली रेलवे स्टेशन के पास सीमेंट यार्ड, टूटी यार्ड की सड़कों व भारी भरकम ट्रकों के खिलाफ धरना प्रदर्शन चला। इस दौरान रेलवे से कुछ वरिष्ठ अधिकारी जनता से संवाद करने के लिए धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से उनकी मांग को सुना और दो चरणों में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें हुईं। धरना प्रदर्शन में कई सामाजिक संस्थाओं ने भागीदारी की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन स्थल पर रेलवे के दिल्ली मंडल की ओर से वरिष्ठ अधिकारी ने लिखित आश्वासन दिया है कि सीमेंट से हो रहे प्रदूषण को शीघ्र नियंत्रित कर लिया जाएगा और एक माह के अंदर बादली रेलवे स्टेशन से यार्ड को बंद कर दिया जाएगा व ट्रकों के आवागमन को भी बंद किया जाएगा।

### एबीवीपी ने नए असंवैधानिक आचार संहिता का किया विरोध

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का कहना है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल ही में छात्रों के लिए एक आचार संहिता जारी की है, जिसमें कुछ तानाशाह और वामपंथियों को सहयोग करने वाले नियम भी शामिल है। इस संहिता के कई प्रावधानों ने छात्रों के मौलिक अधिकारों जैसे अपने अधिकारों की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन करने आदि पर प्रतिबन्ध एवं जुर्माना लगाया है। एबीवीपी इस आचार संहिता को छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन और अपनी संवैधानिक मांगों के लिए छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास मानती है। इस नियमावली में यह भी कहा गया है कि देश विरोधी नारे लगाने पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा।

## आतिशी ने चितला गेट, चावड़ी बाजार और नेहरू हिल जेजे कॉलोनी में किया निरीक्षण

# सीवर की बदहाल हालत देख जल मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीवर की बदहाल हालत देख जल मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को मंगलवार को फटकार लगाते हुए कहा कि सीवर सुविधा जनता की बुनियादी ज़रूरत है। इसमें लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपना काम करें वर्ना कड़े परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। बता दें कि सीवर शिकायतों के मद्देनज़र निरीक्षण की श्रृंखला को जारी रखते हुए जल मंत्री आतिशी ने मंगलवार को मटिया महल विधानसभा क्षेत्र में चितला गेट और नेहरू हिल जेजे कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में जाकर निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि यहां लोगों से लगातार सीवर की शिकायतें मिल रही थी उसके बावजूद अधिकारियों द्वारा उसके समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा था। ऐसे में जल मंत्री ने स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतरकर समस्या का जायज़ा लिया। जल मंत्री आतिशी ने लोगों से वादा करते हुए कहा कि चाहे कितनी भी बाधाएं आ जाए लेकिन जब तक अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है वो दिल्ली की जनता के काम रुकने नहीं देंगे।



### जल बोर्ड का काम है लोगों को साफ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था मुहैया करवाना

जल मंत्री ने कहा कि जल बोर्ड का काम लोगों को साफ़ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था मुहैया करवाना है और अगर अधिकारी जनता के प्रति अपनी ये जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे है तो नौकरी छोड़ दे। केजरीवाल सरकार में जनता के प्रति ये लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि एक्सपर्ट्स और तकनीक की मदद से पूरे इलाक़े में जल्द से जल्द सीवर लाइनों को साफ़ करवाया जाए और सभी संबंधित अधिकारी रोज़ाना ग्राउंड विजिट करें।

### बार-बार शिकायतों के बावजूद दूर नहीं हो रही है सीवर की समस्या

निरीक्षण के दौरान लोगों ने जल मंत्री आतिशी को बताया कि लंबे समय से सीवर की सफ़ाई न होने के कारण गलियों में सीवर का गंदा पानी बहता है, इससे बहुत परेशानी होती है और जब लोग अधिकारियों से इस विषय में शिकायत करते है तो लोग इसे नज़रअंदाज़ करते है। बार बार शिकायतों के बावजूद सीवर समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया और अधिकारी समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है।

जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जल मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने लापरवाही की कोई जगह नहीं है। अधिकारियों को हमेशा जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए अगर कोई भी अधिकारी इसमें लापरवाही दिखाते है तो अपने खिलाफ कड़े एक्शन के लिये तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में सीवर की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिये। औचक निरीक्षण के दौरान जल मंत्री ने पाया कि कई गलियों में सीवर का पानी सीवर के बाहर बह रहा है, इससे लोगों को काफ़ी परेशानियों हो रही है और गालियाँ भी क्षतिग्रस्त हो रही है।

## आप विधायकों ने नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट पर किया डोर टू डोर कैंपेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक कुलदीप कुमार और विधायक सुरेंद्र कुमार ने नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट पर डोर टू डोर कैंपेन किया। इस मौके पर हर्ष विहार से आम आदमी पार्टी की पार्षद पूनम निर्मल भी मौजूद थीं। आप प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि हम गोकलपुरी विधानसभा के हर्ष विहार वार्ड में कैंपेन करने के लिए आए हैं। मोदी सरकार बार-बार कहती है कि दिल्ली में शराब घोटाला हुआ है, तो हम लोगों को बताने के लिए आए हैं कि किस तरीके से यह पूरा का पूरा मामला फर्जी है। उन्होंने कहा कि फर्जी घोटाले की आड़ में भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। कुलदीप कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट लगातार ईडी और सीबीआई से सबूत मांग रही है लेकिन उनके पास कोई सबूत नहीं है। इतनी सारी रेड और जांच करने के बाद भी उनको कोई सबूत नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट के जज ने भी कहा है कि अगर यह केस ट्रायल में जाता है तो 2 मिनट भी नहीं रुक पाएगा। इसी से साबित हो जाता है कि पूरा का पूरा मामला फर्जी है। सब जानते हैं कि दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी काम हुआ है। दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में गरीबों को बेहतर और मुफ्त इलाज मिल रहा है। सारे टेस्ट फ्री होते हैं और दवाई भी फ्री मिलती हैं। विधायक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि हम जनता से पूछने के लिए आए हैं कि अगर मोदी सरकार अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल देती है तो केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं? केजरीवाल को जेल से सरकार चलानी चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता का कहना है कि अरविंद केजरीवाल को उन्होंने वोट दिया है, उनको अपना मुख्यमंत्री चुना है इसीलिए अरविंद केजरीवाल को जेल के अंदर से ही जनता के काम करने चाहिए। उनको वहीं से ही सरकार चलानी चाहिए।

### डीटीसी पेंशनधारी 15 दिसंबर को करेंगे एलजी निवास पर धरना प्रदर्शन

नई दिल्ली। डीटीसी के करीब 21 हजार पेंशनधारियों को अगस्त 2023 से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है जिस कारण से पेंशनधारियों को अपना इलाज करवाना तथा दैनिक खर्च चलाना भी दूभर हो गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बार-बार सार्वजनिक कार्यक्रमों में पेंशन का भुगतान करने की बात करते हैं जिससे इन बुजुर्गों को कुछ उम्मीद होती है कि यह जल्दी ही इसका समाधान करेंगे किंतु इस विषय में कोई कार्रवाई न होने से ये पेंशनधारी, जिसमें 6000 पारिवारिक पेंशन धारक भी शामिल है, अब बहुत मुश्किल का समय व्यतीत करने पर मजबूर हैं। डीटीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के महामंत्री बालादत्त ने मंगलवार को बताया कि समस्या का समाधान करना तो दूर इन वरिष्ठ नागरिकों के प्रतिनिधियों से बात करना तक दिल्ली सरकार उचित नहीं समझती है। जबकि उपराज्यपाल, सीएम और परिवहन मंत्री, को कई बार पत्र लिखकर तथा आंदोलन कर इसके प्रति अपना विरोध जता चुके हैं। महामंत्री बालादत्त ने बताया वर्तमान हालातों को देखते हुए कि अब संगठन ने निर्णय लिया है कि आगामी 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे उपराज्यपाल निवास (चंदगीराम अखाड़ा) पर बड़ी संख्या में ये वरिष्ठ नागरिक इकट्ठा होंगे तथा धरना प्रदर्शन करेंगे।

### न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री हुआ दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार सुबह मौसम काफी ठंडा रहा और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही थी। इस दिन न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पिछले कई दिनों से राष्ट्रीय राजधानी में तापमान सामान्य से नीचे है। विभाग ने बताया कि 12 से 17 दिसंबर के बीच न्यूनतम तापमान छह से आठ डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मंगलवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 333 दर्ज किया गया, जो कि 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिलना किसी भी सरकार के लिए बहुत शर्मनाक : सचदेवा

नई दिल्ली। हर दूसरे महीने सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिलना किसी भी सरकार के लिए बहुत शर्मनाक है पर केजरीवाल सरकार अब बेशर्म हो चुकी है। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट को केजरीवाल सरकार को चेतावनी देनी पड़ी थी कि अगर वह आरआरटीएस फंड में अपना हिस्सा नहीं देगी तो उसका विज्ञापन फंड जब्त कर लिया जाएगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार विकास निधि आवंटन में आदतन अपराधी है। केजरीवाल सरकार को दिल्ली के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है, उनकी एकमात्र प्राथमिकता बिजली, पानी और डीटीसी टिकट सब्सिडी की अपनी वोट बैंक योजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराना है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग : लोगों को सड़क पार करने में हो रही है परेशानी

नई दिल्ली। दिल्ली के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 स्थित सिंघु बॉर्डर से लेकर मुकरबा चौक के बीच सड़क विस्तार परियोजना के तहत पिछले करीब तीन साल के अंदर गांव सिंघू, सिंघोला, टीकरी खुर्द और बकौली के पास फ्लाईओवर बन चुके हैं लेकिन यहां गांव के पास फुटओवर ब्रिज नहीं बनाए जाने से हर दिन आसपास के कई गांवों के लोग जान जोखिम में डाल कर सड़क पार करने को मजबूर हैं। कई बार इसके चलते सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और स्थानीय ग्रामीणों ने इसे लेकर इस राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम भी किया था जिसके बाद मौके पर पहुंच स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है यानी की ग्रामीणों की फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। स्थानीय ग्रामीण विनोद सहरावत, दीप खत्री, उमेद सिंह, प्रदीप आदि ग्रामीणों ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, स्थानीय सांसद हंसराज हंस, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से इस तरफ विशेष ध्यान देने के लिए निवेदन किया है और कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जल्द से जल्द यहां फुटओवर ब्रिज बनाए जाए।

## प्रदेश कांग्रेस ने की 14 जिलों में पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर चुस्त दुरुस्त करने व पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को आमजन तक पहुँचाने के लिए लगातार की जा रही कवायद की कड़ी में मंगलवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया से परामर्श करने के बाद सभी 14 जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त करने की घोषणा की है। पार्टी ने बयान में कहा है कि यह पर्यवेक्षक पहले से ही जिलों में कार्यरत समिति का न केवल हिस्सा होंगे बल्कि आपस में समन्वय स्थापित करके जमीनी स्तर पर काम करेंगे। लवली ने नामों की घोषणा करते हुए बताया कि पूर्व विधायक सर्वश्री भीष्म शर्मा (कृष्णा नगर), कुंवर करण सिंह (करावल नगर), ब्रहम यादव (नई दिल्ली), जय किशन शर्मा, (महरौली), सतपाल सैठी (तिलक नगर), कैप्टन खविन्दर सिंह (नजफगढ़) चतर सिंह (करोल बाग), सुनील वोहरा (पटपड़गंज), लक्ष्मण रावत (बाबरपुर), जगजीवन शर्मा (रोहिणी), सुखबीर शर्मा (चॉदनी चौक), हरी किशन जिंदल (बदरपुर) राजकुमार इंदोरिया (आदर्श नगर) और राजेश चौपड़ा (किराड़ी) यह शामिल है। लवली ने बताया कि पार्टी पहले से ही जमीनी स्तर पर भाजपा के खिलाफ जोरदार अभियान चलाए हुए है और उसी अभियान को तेज गति से गली मोहल्लों तक पहुंचाने के लिए यह कवायद की जा रही है। अध्यक्ष लवली ने कहा कि इसी सप्ताह पहले से कार्यरत कमेटी व पर्यवेक्षकों की एक संयुक्त बैठक भी बुलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी 280 ब्लाकों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को ब्लाक अध्यक्ष व अन्य जिम्मेदारियां देने की सिफारिश यह पर्यवेक्षक करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पर्यवेक्षक सभी वरिष्ठ नेताओं, छोटे बड़े कार्यकर्ताओं व उस जिले के सभी लोगों से बातचीत करने के बाद यह सर्वसम्मत निर्णय करेंगे।




### दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने जारी की सड़क दुर्घटना विश्लेषण रिपोर्ट 2022

# सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में आई 20 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने मंगलवार को दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा तैयार की गई 'दिल्ली सड़क दुर्घटना रिपोर्ट 2022' को जारी किया। इस रिपोर्ट में गत वर्ष हुई दुर्घटनाओं के विश्लेषण के साथ-साथ सड़क डिजाइन, विनियमन और अभियोजन में कारणों, पैटर्न और सुझावों को शामिल किया गया है। वहीं बात करें हादसों में मौतों की तो 1461 लोगों ने अपनी जान गंवाई। पिछले एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 20 प्रतिशत की कमी का भी रिपोर्ट में दावा किया गया है।

रिपोर्ट जारी करते हुये सीपी ने कहा कि इस रिपोर्ट में हम एक सड़क सुरक्षा कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करते हैं जिसमें शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल में सुधार के लिए कई विभागों के संयुक्त प्रयास शामिल हैं। पहले स्थान पर होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने और फिर उन मामलों में समय सीमा को कम करने के लिए बुनियादी ढांचे को डिजाइन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जहां पर दुर्घटनाएं हुई। सीपी ने कहा की दिल्ली यातायात पुलिस के प्रयासों से पिछले एक दशक में दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 20 प्रतिशत की कमी आई है।




इस प्रयास को जारी रखते हुए, दिल्ली यातयात पुलिस ने पैदल यात्रीयों की सुरक्षा को देखते हुए सड़क यातायात प्रबंधन पर पहले से ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया है। रिपोर्ट में पैदल चलने वालों को सबसे असुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता के रूप में पहचाना गया और दोपहिया वाहनों को सबसे असुरक्षित श्रेणियों में देखा गया है। 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए कुल व्यक्तियों का क्रमशः 43 प्रतिशत और 38 प्रतिशत है। सड़क दुर्घटनाएं न केवल दुर्घटना में शामिल व्यक्तियों की आजीविका को प्रभावित करती हैं, बल्कि पीड़ितों के परिवारों पर भी एक लंबी छाप छोड़ती हैं। यह अक्सर लोगों को गरीबी के कगार पर धकेल देता है। इसका सीधा असर हमारे देश के विकास पर पड़ता है। दिल्ली यातायात पुलिस का फोकस क्षेत्र सुचारू यातायात प्रबंधन और निगरानी में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाना और सड़क, विशेष रूप से सड़क उपयोगकर्ताओं की असुरक्षित श्रेणियों के लिए डिजाइन और मानकों के बुनियादी ढांचे में सुधार करना है।

### 10 ब्लैक स्पॉट किये गये चिन्हित

2022 में दिल्ली यातायात पुलिस ने 10 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये। इनमें मुकरबा चौक, खामपुर गांव, धौला कुआं, मायापुरी चौक, गांधी विहार बस स्टैंड, भलस्वा चौक, पीरागढ़ी, पंजाबी बाग चौक, ब्रिटानिया चौक, आश्रम चौक शामिल है। इसके अलावा मथुरा रोड, रिंग रोड, महरौली बदरपुर रोड, आनंद माई मार्ग, आगरा कैनाल रोड, रोड नंबर 13 ए, जैतपुर रोड, आउटर रिंग रोड, ओखला रोड, लाला लाजपत राय मार्ग दिल्ली की सबसे अधिक दुर्घटना संभावित सड़कों की सूची में शामिल किये गये। गत वर्ष 30 नवंबर तक मृत्यु की संख्या 1342 थी, जबकि 2023 की इसी अवधि के दौरान मृत्यु की संख्या 1300 रही, जिसके परिणामस्वरूप 3.1% की कमी हुई। मृत्यु दर में यह गिरावट दिल्ली सड़क सुरक्षा कार्य योजना में उल्लेखित रणनीतियों की प्रभावशीलता का ही प्रमाण है।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में मरीजों को खाद्य पदार्थ वितरित किए



**फरीदाबाद।** सूरजकुण्ड रोड स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम के स्वयंसेवकों ने जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को खाद्य पदार्थ वितरित किए। स्वंयसेवक आश्रम के अधिष्ठाता जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के निर्देश पर यहां पहुंचे थे। अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव के निर्देश पर स्टाफ ने भी सहयोग किया।

### बार चुनाव में तीन गुटों के 25 प्रत्याशी मैदान में




**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए तीन गुट मैदान में हैं। सभी ने अपने-अपने प्रत्याशियों को चुनाव में खड़ा किया है। कुल 25 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इसमें से प्रधान पद के लिए तीन, सचिव के लिए चार और वरिष्ठ उप प्रधान के लिए चार और उप प्रधान के लिए तीन लोगों ने नामांकन भरा है। 15 दिसंबर को जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा।

### भजनलाल को राजस्थान के सीएम बनने पर लड्डू बांटे



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने पं. भजनलाल शर्मा को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने पर सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर लड्डू बांटे। इस मौके पर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली पीएम मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का आभार माना।

### 92 किग्रा में कांस्टेबल विक्की को गोल्ड मेडल



**फरीदाबाद।** झज्जर के गांव जसौर खेड़ी, फौजी सुंदर सिंह के घर में पैदा हुए विक्की हरियाणा पुलिस में बतौर सिपाही 2020 में भर्ती हुआ। खेलों के प्रति रुझान के चलते विक्की बॉक्सिंग में अपना अभ्यास शुरू किया। करनाल मधुबन में हुए ऑल इंडिया पुलिस खेल प्रतियोगिता में 92 किलो हैवीवेट बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा पुलिस का नाम रोशन किया है।

### सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आयोजित करेंगे असेंबली



**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कन्वेंशन करतार सिंह जागलान की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि जिला मुख्यालय पर मेज कुर्सी लगाकर कर्मचारी असेंबली आयोजित करने के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 14 व 15 दिसंबर को संघ पेन डाउन हड़ताल का समर्थन करेंगे।

### मालिक से बीमा के पैसे हड़पना चाहता था, काबू



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने अपने आईसर कैंटर को चोरी करवाने के मामले में मुख्य आरोपी सहित 2 को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में हनीफ व किशन का नाम शामिल है। मुख्य आरोपी किशन को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-58 एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी हनीफ को पहले डबुआ थाने के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# गलियों व पार्कों के सौंदर्यकरण दिसंबर में पूरा करने के निर्देश

*परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कालोनियों में चल रहे गलियों के निर्माण कार्य व पार्कों के सौंदर्यकरण का काम दिसंबर तक पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए।*

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद**

प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और नए कार्यों की शुरुआत से संबंधित कार्यों के बारे में समीक्षा बैठक की। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा स्थानीय सेक्टर-8 स्थित अपने कैंप कार्यालय पर बल्लभगढ़ नगर निगम जोन के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दे रहे थे। समीक्षा बैठक में बल्लभगढ़ एमसीएफ जॉइंट कमिश्नर नगर निगम करण भदोरिया व अन्य तकनीकी अधिकारियों सहित कार्यकारी अभियंता एवं एसडीओ और सभी वार्डों के जेई मौजूद रहे।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों में चल रहे गलियों के निर्माण कार्य, पार्कों के सौंदर्यकरण के कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी एक माह तक पूरे होने चाहिए, ताकि नए साल में अन्य विकास कार्य को शुरू किया जा सके।

*मूलचंद शर्मा ने अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक*



#### पथवारी मंदिर में चल रहा जीर्णोद्धार का काम

मंत्री ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बल्लभगढ़ के ऐतिहासिक धार्मिक आस्था के केंद्र पथवारी मंदिर के जीर्णोद्धार के कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा बल्लभगढ़ के आर्य नगर में डाली जाने वाली सीवर लाइन के कार्य को भी जल्द ही शुरू कराने की बात कही। परिवहन मंत्री ने कहा कि मुजेसर गांव के बाबा ह्दयराम बाबा मंदिर के धार्मिक ऐतिहासिक कुंड के जीर्णोद्धार के कार्य को भी जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनता को मूलभूत सुविधाएं सही समय पर देना उनकी प्राथमिकता है, उसी को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जा रहे हैं।

#### अभियंता सफाई दुरुस्त रखने पर दे ध्यान

मंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जहां उन्हें लोगों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्यों की परेशानियों दिखाई देती हैं। उन्हें भी ध्यान में रखते हुए दूर करें। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को भी अधिकारी दुरुस्त रखने का काम करें। बैठक में भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य पारस जैन, कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम, एसडीओ विनोद कुमार, एसडीओ अमित चौधरी सहित सभी कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

## कई बार चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं कार चोर

# एनसीआर में लग्ज़री कार चुराने वाले गिरोह के 4 बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

*एनसीआर में चार पहिया वाहनों को चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 चोरी के चार पहिया वाहन बरामद बरामद किए हैं। गिरोह के बदमाश गाड़ियों की चोरी कर उसके इंजन व चेसिस नम्बर में टैम्परिंग कर फर्जी कागजात तैयार कर बेच देते थे।*

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद।**

क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने एनसीआर में चार पहिया वाहनों को चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 चोरी के चार पहिया वाहन बरामद बरामद किए हैं। गिरोह के बदमाश गाड़ियों की चोरी कर उसके इंजन व चेसिस नंबर में टैम्परिंग कर फर्जी कागजात तैयार कर बेच देते थे।

डीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आलम (रिशा कालोनी नई आबादी ग्रीन फील्ड स्कूल के पास बुलन्दशहर मूल पता गांव बझेडा कलां थाना धौलाना जनपद हापुड़), फजर (ग्राम पौहली थाना सरधना जनपद मेरठ), साजिद खान (उदय मंदिर आसन पुरानी पत्रिका थाना नागौरी गेट जोधपुर) तथा (समीर पमहावतो की मस्जिद के पास नागौरी गेट रोड थाना सदर कोतवाली जोधपुर) हैं।

पूछताछ में आरोपी फजर व आलम ने पुलिस को बताया कि बताया कि हम लोगों का वाहन चोरी करने व बेचने वालों का एक संगठित गिरोह संचालित करते हैं।

### इंजन व चेसिस नंबर में टैंपरिंग कर फर्जी कागजात तैयार कर बेच देते थे कार

*मोबाइलों को फ्लाइट मोड पर कर वाट्सएप पर कॉल करते थे आरोपी*



#### टीम बनाकर कार्रवाई कर रही पुलिस

आरोपी ने कहा कि गिरोह में गुफरान उर्फ भुल्लन, खालिद, नदीम, सोहेल उर्फ शीला, साजिद व समीर सक्रिय सदस्य है। जो दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लग्जरी गाड़ियों को मांग के अनुसार चोरी कर उसके इंजन नबर व चेसिस नंबर में टैपरिंग कर उसके फर्जी कागजात तैयार करते इसके बाद दूसरे राज्यों में उसे बेच देते हैं। आरोपियों ने यह भी बताया कि जब हम गाड़ी चुराने आते थे तो उस समय पहचान छुपाने के लिए अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट बदलकर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर पहले से तयशुदा स्थान पर इकट्ठा हो जाते थे साथ ही मोबाइलों को फ्लाइट मोड पर कर आपस में व्हाट्स-एप पर मैसेज व कॉल करते थे। आरोपी पूर्व में भी कई बार वाहन चोरी में जेल जा चुके हैं। अभियुक्तों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य अभियुक्तों व चोरी की गाड़ियों की खरीद-फरोख्त करने वालों की गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है।

### 400 करोड़ लोन घोटाले के आरोपी लक्ष्य तंवर गैंग की 15 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कोतवाली नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत लोन माफिया/गैंग लीडर लक्ष्य तंवर एवं गैंग के सदस्य सुनील कुमार की पुराना आर्य नगर स्थित करीब 15 करोड़ की बेनामी/नामी अचल सम्पत्ति को कुर्क किया गया। अभी तक लक्ष्य तंवर के खिलाफ 35 मामले दर्ज किए जा चुके हैं तथा 85 करोड़ रुपए की सम्पत्ति कुर्क की जा चुकी है। इस गिरोह पर 400 करोड़ से ज्यादा लोन घोटाला करने का आरोप है।

एसीपी कोतवाली निमिष पाटिल ने बताया कि लोन माफिया लक्ष्य तंवर का एक संगठित गिरोह है। जिसने वर्ष 2012 से अबतक विभिन्न



बैंकों के शाखा प्रबन्धकों से साठ-गाँठ कर आम जनता के साथ धोखाधड़ी करके कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न बैंकों से लोन लिया गया है। गैंग लीडर लक्ष्य तंवर एवं गैंग के सदस्यों द्वारा आर्थिक अपराध कारित कर नामी व बेनामी सम्पत्ति अर्जित की गयी है । जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट बनाम लक्ष्य तंवर आदि 12 नफर भी पंजीकृत है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने लोन माफिया/गैंग लीडर लक्ष्य तंवर एवं गैग के सदस्य सुनील कुमार द्वारा आर्थिक अपराध कारित कर अर्जित की गई सम्पत्ति के संबंध में गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए गैंग लीडर लक्ष्य तंवर एवं गैंग के सदस्य सुनील कुमार की करीब 15 करोड़ बेनामी/नामी अचल सम्पत्ति आवासीय मनं-187 एवं 187ए तथा मनं-116 व 117 का भाग कुल क्षेत्रफल 606 वर्ग मीटर पुराना आर्य नगर को कुर्क किया गया ।

## वर्चुअल कार्यशाला नगर आयुक्त ने कहा-

# आय व व्यय पर निगरानी से बजट पर पड़ेगा प्रभाव



**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

नगर विकास विभाग के नॉलेज पार्टनर जनाग्रह के साथ नगर निकाय निदेशालय/ नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान ने वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की। जिसमें उत्तर प्रदेश के नगर निगमों से महापौर, नगर आयुक्त, अधिकारी तथा कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। गाजियाबाद नगर निगम से महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने भी बजट की चल रही ऑनलाइन वर्कशॉप में हिस्सा लेकर अपने सुझाव रखे। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि अवस्थापना निधि फंड पर गंभीरता से हो कार्यवाही होनी चाहिए। जबकि नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कहा कि आय और व्यय पर लगातार निगरानी से बजट पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

#### अवस्थापना निधि समय से न आए तो विकास पर असर

ऑनलाइन कार्यशाला में गाजियाबाद नगर निगम में बजट पर विशेष सुझाव दिए गए। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने अवस्थापना निधि फंड को लेकर अपना विषय रखा जिसमें बताया कि विषय बजट है और गाजियाबाद नगर निगम की अवस्थापना निधि समय से न आने के कारण शहर में विकास कार्य प्रभावित होता है। इसलिए इस विषय को गंभीरता से लिया जाए, साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपनी सहमति जताते हुए ऑनलाइन ही अपना विषय शासन तक पहुंचा। किस प्रकार शहर हित में विकास कार्य बढ़ाने को लेकर निगम के बजट को प्रभावपूर्ण बनाना है विस्तृत चर्चा हुई।

#### आय बढ़ाने को लेकर सुझाव साझा किए

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम की आय तथा निगम के व्यय पर प्रतिदिन निगरानी कर सकारात्मक प्रभाव से बजट को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। निकायों की आय बढ़ाने को लेकर सुझावों का आदान-प्रदान भी किया गया। उपाध्यक्ष कार्यकारिणी राजीव शर्मा, पार्षद प्रवीण चौधरी, रेखा गोस्वामी, गौरव सोलंकी, राजकुमार सिंह, शीतल देओल, मनोज त्यागी, आदिल मालिक तथा अधिकारियों में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश व लेखाधिकारी गीता कुमारी उपस्थित रहीं।

## अन्य समुदाय के पांच लोगों ने

# डीजे पर मेवाती नहीं बजवाने पर युवक के साथ मारपीट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम**

बिलासपुर थाना एरिया में एक समारोह में चल रहे डीजे पर मेवाती गाने नहीं बजवाने पर युवक से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में नूंह मेवात के समय सिंह ने बताया कि उनके भतीजे रोहन के बेटे का जन्म हुआ था। जिसकी खुशी मनाने के लिए वह बिलासपुर थाना क्षेत्र के



अंतर्गत अपने भतीजे के घर पर थे। अपने घर के बाहर डीजे लगवाया था। कुछ देर तक तो गाने बजते रहे, लेकिन रात को पड़ोस में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के पांच युवक आए। जिन्होंने डीजे वाले से मेवाती गाने बजाने के लिए कहा। डीजे वाले ने समय सिंह से अनुमति दिलाने की बात कही।

## विकास कार्यों को लेकर बैठक

# गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे: विधायक नागर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद**

तिगांव से विधायक राजेश नागर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर नागर ने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरतें और समय पर सभी कार्यों को पूरा करें।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि करोड़ों की लागत के कार्य तिगांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे हैं। जिससे जनता को आने वाले समय में बड़ी सहूलियतें मिलेगी।



उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वह ठेकेदारों को कसकर रखें। जिससे कि वह किसी भी प्रकार की लापरवाही विकास कार्य में न होने पाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निरंतर विकास धनराशि मिलने और प्रोजेक्टों को मंजूरी मिलने के बाद काम में देरी होना या उनकी गुणवत्ता में कोई कटौती होना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## यात्रियों का सफर होगा सुहाना

# गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक वंदे भारत रेल सेवा का नोटिफिकेशन जारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम**

रेलवे के लिए अहम सुझाव देने और रेल यात्रियों की सुविधा के लिए तत्पर रहने वाले रेलवे सलाहकार समिति के दूसरी बार सदस्य बने डॉ. डीपी गोयल के प्रयासों से गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक वंदे भारत रेल सेवा पर मुहर लगने के बाद अब इसके संचालन का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसके लिए डॉ. डीपी गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, गुरुग्राम से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डॉ. सुधा यादव का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि रेलवे अपने यात्रियों के सफर को सुगम व बेहतर बनाने के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रहा है। कोरोना काल के बाद रेल सेवाओं में अभूतपूर्व परिवर्तन करके, बंद रेल सेवाओं को शुरू करने, नई रेल सेवाएं शुरू करके देश की जनता को बेहतर परिवहन सुविधा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम से चंडीगढ़ जाने के लिए यहां के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।



#### ट्रेन के संचालन का शेड्यूल जारी

रेलवे ने कुछ दिन पूर्व घोषणा की थी कि अजमेर से दिल्ली के बीच चलाई गई वंदे भारत ट्रेन का विस्तार चंडीगढ़ तक कर दिया जाए। अब मंत्रालय ने इस ट्रेन के संचालन का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। शेड्यूल के अनुसार वंदे भारत ट्रेन नंबर-20977 सुबह 6:20 बजे अजमेर से रवाना होगी। जो जयपुर, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट होते हुए 14:45 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। चंडीगढ़ से वापसी में यह ट्रेन रात 23:55 बजे रवाना होकर सुबह 18:33 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी।

## व्यापारी से नगद लूटने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# गाजियाबाद में बदमाश और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

स्वाट टीम क्राइम ब्रांच ने थाना क्षेत्र कविनगर में इन्द्रापुरम के व्यापारी से लूट करने एक ओर बदमाश को पुलिस मुठभेड़ के गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 19 लाख 50 हजार रुपए, एक तमंचा व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं।

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र थाना कविनगर में इन्द्रापुरम के व्यापारी निशान्त के साथ लूट करने वाले गिरोह के मुख्य अभियुक्त चन्द्रवीर उर्फ कलुआ जाट पनिवासी ग्राम भगवानपुर थाना किठौर जनपद मेरठ को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास, गोविंदपुरम पर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। बदमाश गोविंदपुरम पर जब मोटरसाइकिल से आ रहा था, रोकने का प्रयास किया गया तो उसने स्वाट टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। इस दौरान पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

*एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र थाना में इन्द्रापुरम के व्यापारी निशांत के साथ लूट करने वाले गिरोह के मुख्य अभियुक्त चंद्रवीर ग्राम भगवानपुर थाना किठौर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।*

#### 52 लाख रुपए बरामद




बता दें कि 5 नवंबर को इंदिरापुरम के व्यापारी निशांत को कर में बंधक बनाकर बदमाशों ने एक करोड़ रुपए से जाकर ज्यादा की नगदी लूटी थी। पुलिस तभी से बदमाशों की तलाश में थी। सोमवार को भी पुलिस ने इस लूट में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया था। पुलिस ने ड्यूटी गई 32 लाख 50 हजार की नगदी भी इन बदमाशों से बरामद की थी।

## मौके पर युवती व दलाल गिरफ्तार

# वेबसाइट के जरिए चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम**

पुलिस ने सुशांतलोक थाना एरिया में वेबसाइट के जरिए चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने रेड कर मौके से युवती व दलाल को काबू किया है और केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि एक वेबसाइट के जरिए इलाके में सैक्स रैकेट चलाया जा रहा है। पुलिस ने वेबसाइट की जांच की तो पाया कि इसमें कई लड़कियों और लड़कों की फोटो के साथ मोबाइल नंबर दिया गया है। इस पर पुलिस ने एक टीम बनाकर बोगस



ग्राहक की मदद से दिए गए नंबर पर संपर्क किया। पुलिसकर्मी ने एक युवती को सिलेक्ट कर भेजने की दिए गए मोबाइल नंबर पर बात की और 12 हजार में सौदा तय किया। पुलिसकर्मी को होटल-91 गोल्फ कोर्स रोड की लोकेशन भेजकर वहां पहुंचने को कहा गया। वहीं एसीपी सुशीला के नेतृत्व में कई टीमें तैयार की गई और लोकेशन पर भेजी गई।

## राम-सीता विवाह में 5 राज्यों के बैंड होंगे शामिल

# 5 दिवसीय महोत्सव के दौरान अयोध्या में 5 लाख लोग बनेंगे बाराती, 200 सखियां गाएंगी मंगल गीत, 2 दिन बाद हल्दी रस्म

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम नगरी अयोध्या में 5 दिन बाद राम सीता विवाह का विवाह होगा। 15 मंदिरों से निकलने वाली बारात को विहंगम बनाने के लिए 5 राज्यों के बैंड बुलाए जा रहे हैं। इसमें करीब 5 लाख श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा विवाह का उल्लास 100 मंदिरों में दिखेगा। इनकी सजावट 100 क्विंटल फूलों से होगी।

17 दिसंबर मार्गशीर्ष (अगहन) शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मुख्य आयोजन होगा। दशरथ महल के वर्तमान महंत स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज ने बताया कि श्रीराम की बारात अयोध्या में आकर्षण का केंद्र होगी। 5 राज्य पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और वाराणसी के बैंड-बाजे राम बारात की शोभा बढ़ाएंगे। वाराणसी की प्रसिद्ध शहनाई राम भक्तों को आनंदित करेगी।

### विवाह महोत्सव 14 से शुरू होगा

देवेंद्र महाराज ने बताया कि श्रीराम मंदिर से सटे रंग महल में विवाह महोत्सव 14 दिसंबर को तेल महोत्सव के साथ शुरू होगा। 15 दिसंबर को हल्दी की रस्म होगी और 16 दिसंबर को मंडप के आयोजन होंगे। 17 दिसंबर को राम बारात निकलेगी। इसमें गोरखपुर के बैंड बजेगा। गायन के लिए जम्मू और उत्तराखंड की 11 लड़कियां पहुंच रही हैं। मंदिर के महंत राम शरण दास ने बताया कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उल्लास पूरे देश में है। राम विवाह इसके पहले का ऐसा पर्व है, जिसमें हम संत अपनी खुशी को अनेक माध्यमों से व्यक्त करने का जा रहे हैं।



### 20 क्विंटल फूल, खास पगड़ी व माला

राम शरण दास ने बताया कि वैष्णव पीठ श्रीरामवल्लभाकुंज में मंदिर में ही भगवान के स्वरूप और मूर्तियों का विवाह होगा। यहां पूरे मंदिर को सजाने के लिए दिल्ली से देसी-विदेशी 20 क्विंटल फूल, खास किस्म की पगड़ी और माला मंगवाई गई है। गायन के लिए मिथिला और अयोध्या के अनेक गायकों की टीम मौजूद रहेगी। कलेवा में भगवान श्रीराम को आभूषण सहित अनेक प्रकार के नेग दिए जाएंगे। संत गालियों के बीच भगवान को मिठाई खिलाएंगे।

### हनुमत सदन से बारात निकलेगी

महंत डॉ. मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि आचार्य पीठ लक्ष्मण किला में विवाह मूर्ति और स्वरूप दोनों का होगा। इस दौरान बारात के स्वागत के लिए जयपुर से खास वस्त्र मंगाए गए हैं। मिथिला की 200 सखियां मंगल गीत गाने के लिए आ रही हैं। यहां हनुमत निवास मंदिर के महंत डॉ. मिथिलेश नंदिनी शरण की अगुआई में हनुमत सदन से बारात निकलकर पहुंचेगी। यह आयोजन अपने आप में अनूठा होगा। जिसको लेकर हनुमत निवास और लक्ष्मण किला में तैयारियां तेजी से चल रही हैं। यह विवाह उत्सव सनातन संस्कृति के इतिहास में अनूठा होने जा रहा है। हम सब भगवान के इस उत्सव के लिए आनंदित हैं और समूची अयोध्या उल्लास में डूबने का आतुर है।

#### श्रीराम विवाह महोत्सव परंपरा 300 साल पुरानी

डॉ. शरण ने बताया कि चक्रवर्ती महाराज दशरथ के राज महल श्रीराम विवाह महोत्सव की परंपरा लगभग 300 वर्ष पुरानी है। मंदिर के संस्थापक स्वामी राम प्रसादाचार्य महाराज के जीवन काल से ही राम विवाह महोत्सव की परंपरा चली आ रही है। इन मंदिरों से निकलेगी राम बारात कनक भवन, दशरथ महल, रंग महल, जानकी महल ट्रस्ट, हनुमत निवास, राम हर्षण कुंज, विअहुति भवन, राम कचेहरी, दिव्य कला कुंज आदि मंदिरों में बारात की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### जानकी महल से विवाह महोत्सव का होगा आरंभ


श्री जानकी महल ट्रस्ट के ट्रस्टी आदित्य ने बताया कि परंपरा के अनुसार, इस साल भी माता जानकी और श्रीराम का विवाह बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जानकी महल ट्रस्ट में विवाह का कार्यक्रम 5 दिन चलेगा। यह 14 दिसंबर से प्रारंभ होगा, जिसमें सुबह 9 बजे प्रधान मंदिर में रामार्चा महायज्ञ का पूजन, सायं 6 बजे रामलीला और रात 8 बजे गणेश पूजन होगा। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर की दोपहर 2 बजे जानकी महल के वाटिका में फुलवारी लीला होगी। सायं 4 बजे वैवाहिक गीत और 6 बजे रामलीला होगी। 16 दिसंबर को प्रातः 10 बजे हल्दी तिलक और मेहंदी का कार्यक्रम होगा, सायं 6 रामलीला और रात्रि 8 बजे बिनौरी नेग का कार्यक्रम होगा। 17 दिसंबर को सुबह 9 बजे न्योछावरी नेग, 10 मुकलावा नेग और सायं 5 बजे घुड़चढ़ी भव्य बारात निकाली जाएगी। रात 10 बजे विवाह का कार्यक्रम संपन्न होगा। 18 दिसंबर को रात 8 बजे कुंवर कलेवा का दर्शन होगा। इसमें ठाकुर जी को 56 भोग लगाया जाएगा। इसके साथ विवाह महोत्सव का कार्यक्रम जानकी महल ट्रस्ट में संपन्न हो जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### धर्म विशेष पर टिप्पणी तो साथी छात्रों ने पीट दिया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में एक छात्र के साथ मारपीट की गई है। स्कूल प्रशासन के मुताबिक एक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र को स्कूल के भीतर हॉस्टल के कुछ छात्रों ने पीटा था। स्कूल ने कहा कि बिजनौर जिले के 18 वर्षीय लड़के को निलंबित कर दिया गया है और उसकी टिप्पणियों की जांच के आदेश दिए गए हैं, वह जांच पूरी होने तक निलंबित रहेगा।



### 9 करोड़ से अधिक का जीएसटी फर्जीवाड़ा

**जमशेदपुर।** जुगसलाई निवासी आयरन एंड स्पंज कारोबारी अमित अग्रवाल को जीएसटी निदेशालय की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने यह कार्रवाई 9.52 करोड़ की हेराफेरी में की है। गिरफ्तारी के बाद भालोटिया को अदालत ने उसे जेल भेज दिया।



---

‘विकसित भारत संकल्प’ यात्रा के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद में सीएम योगी ने कहा-

# 2014 से पहले चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था, हमने बैरियर हटा दिया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2014 के पहले योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर दिया जाता था। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद पिछले साढ़े नौ वर्षों में गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। योगी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर वर्चुअल माध्यम से संवाद कर रहे थे।

#### डेढ़ से दो हजार लोग जुटें

योगी ने कहा प्रत्येक कार्यक्रम में 1500 से 2000 लोग होने चाहिए। इनमें लाभार्थियों की संख्या 500 से 700 तक होनी चाहिए। इन कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभार्थी ‘मेरी कहानी मेरी जुबानी’ के जरिये अपने अनुभवों को साझा करें।

सीएम योगी ने कहा विपक्षी दलों की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने देश और प्रदेश को जाति के नाम पर बांट कर विकास को बाधित किया था हम इस बैरियर को हटा रहे हैं।

**खास बातें**

- पीएम के पंच प्रणों को आत्मसात करवाएं
- वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है
- यात्रा में प्रतिदिन 1072 कार्यक्रम आयोजित होंगे
- लाभार्थी अनुभवों को साझा करें



#### विपक्ष ने देश को जाति के नाम पर बांटा

उन्होंने यात्रा से जुड़े कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की। कहा कि यह यात्रा गरीबों को सरकारी योजनाओं से शत प्रतिशत संतृप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों को आत्मसात कर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। सीएम योगी ने विपक्षी दलों की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने देश और प्रदेश को जाति के नाम पर बांट कर विकास को बाधित किया था, हम इस बैरियर को हटा रहे हैं। योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रदेश में प्रतिदिन 1072 कार्यक्रम आयोजित होने हैं।

#### यूपी एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में बढ़ रहा

यूपी के उच्च शिक्षा में बड़ा बदलाव आया है। नए भारत के नए यूपी में मैं आपको काम करने के लिए आमंत्रित करता हूं। पीएम मोदी ने 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य दिया है तो यूपी भी 1 ट्रिलियन डॉलर की दिशा में बढ़ रहा है। यहां से निकल रहे मेधावी ये सोचें कि मैं जीवन में सत्य का आचरण रखूंगा, और धर्म के पथ पर चलूंगा। जीवन संग्राम में धर्म पर चलूंगा। सीएम योगी आदित्यनाथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) लखनऊ के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपद्री मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। योगी ने कहा कि उत्तर भारत का पहला डेटा सेंट्रर ग्रेटर नोएडा में शुरू हो चुका है। टेक्नोलॉजी और डिजिटलाइजेशन के जरिए बड़ा बदलाव लाया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल हॉस्पिटल के जरिए सभी को बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। इस क्षेत्र में आईआईआईटी, लखनऊ के छात्र भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि अपने कौशल से आप इस संस्थान का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने मेधावियों को डिग्री व मेडल प्रदान करते हुए पदक पाने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

## देश के कोने-कोने तक बसपा की पहुंचाऊंगा विचारधारा, जुड़ें युवा

**लखनऊ।** बसपा के उत्तराधिकारी घोषित किए गए आकाश आनंद ने देश के युवाओं से कमर कसने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बसपा की विचारधारा देश के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद ने सामाजिक न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने के साथ ही युवाओं कमर कस लेने की अपील की है। उन्होंने बसपा को एक मिशन बताते हुए इसे देश के कोने-कोने में पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई है।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 778 दिनांक 08.12.2023 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सुमन रानी
**पिता/पति का नाम** - पत्नी रविन्द्र
**पता**- गीतांजली कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 55 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर ।
**पहनावा** - हरे रंग का कमीज, काले रंग की सलवार पहने हुए है।

दिनांक 08.12.2023 को सुमन रानी पत्नी रविन्द्र निवासी गीतांजली कालोनी थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8708239809

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 779 दिनांक 08.12.2023 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - हरविन्द्र
**पिता/पति का नाम** - पुत्र रोहताश
**पता** - गांव सुनारियां खुर्द जिला रोहतक।
**उम्र**- 32 वर्ष
**कद**- 5 फुट 9 ईंच
**हुलिया**- रंग साफ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, ठोडी पर तिल का निशान।
**पहनावा**- जीन्स की पैन्ट, नीले रंग का कोट व काले रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 08.12.2023 को हरविन्द्र पुत्र रोहताश निवासी गांव सुनारिया खुर्द थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416230230

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 380 दिनांक 09.12.2023 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- राजन कपुर
**पिता/पति का नाम** - पुत्र खरैटी लाल कपूर
**पता**- महेश स्कूल जवाहर नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 30 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, दाएं कान में बाली डाले हुए है व हाथ में प्लास्टिक का कड़ा पहने हुए है।
**पहनावा**- नहीं पता।

दिनांक 09.12.2023 को राजन कपुर पुत्र खरैटी लाल कपूर महेश स्कूल जवाहर नगर जिला रोहतक थाना आई.एम.टी रोहतक नहर पुल के पास से बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक- 9416337460

पीआरडीएच-1084/11/1979/2024/23313/88/7 दि. 12.12.23


---

## पेज एक का शेष...

### बड़ा सवाल : क्या...

विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान बिना कुछ बोले ही उन्होंने अपने हावभाव से यह जता दिया था कि अगर जीत मिली तो छत्तीसगढ़ में रमन सिंह, मध्यप्रदेश में शिवराज और राजस्थान में वसुंधरा राजे की बजाय कोई और चेहरा सरकार की बागडोर संभालेगा। देखना अब ये है कि इन तीनों नेताओं को केंद्र में मंत्री बनने के लिए दिल्ली बुलाया जाता है या फिर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां से जुड़ी कोई महति जिम्मेदारी दी जाती है।

### राजस्थान में भाजपा...

गया है। शर्मा पहली बार के विधायक हैं। वे चार बार संगठन महामंत्री रह चुके हैं। इस ऐलान के साथ ही वसुंधरा के सफर पर राजस्थान में ब्रेक लग गया। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। वसुंधरा ने चुनावी नजीतों के बाद पार्टी के कई विधायकों को डिनर पार्टी दी थी, जिसे दबाव की राजनीति के तौर पर देखा गया था। हालांकि, नड्डा से मुलाकात के बाद वसुंधरा के सुर बदले-बदले नजर आए थ और उन्होंने खुद को पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता बताया था।

### मोहन आज लेंगे...

मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। फिलहाल उप मुख्यमंत्री द्वय राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा साथ में शपथ लेंगे लेकिन अन्य मंत्रियों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। मोदी सुबह 11:30 से 12:30 बजे तक रुकेंगे। समारोह में भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इनमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर व महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आदि शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ में शपथ...

ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए गए हैं। इसमें बीच के मंच में शपथ ग्रहण होगा तथा एक ओर अतिविशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों तथा दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया गया है।

### मोदी सहित ये केंद्रीय...

हेमंत बिस्वा शर्मा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक शाह और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और उप्र के राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड शामिल हैं। सभी वीआईपी विशेष विमान से रायपुर पहुंचेंगे। इसी के साथ भाजपा के प्रदेश ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन भी समारोह में शामिल होंगे। ये मंगलवार की शाम को पहले ही पहुंच चुके हैं।

### यूपीआई से जल्द...

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस बदलाव को मूर्त रूप देने के लिए सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्यूनिकेशन यानी सडब्ल्यूआईएफटी के साथ सक्रिय रूप से चर्चा में लगे हुए हैं। इसमें कहा गया है कि एकीकरण का लक्ष्य यूपीआई को सीमा पार डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए सबसे सुविधाजनक और सुरक्षित माध्यम के रूप में स्थापित करना है। एसडब्ल्यूआईएफटी एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सिस्टम है जो अंतर-देशीय बैंक लेनदेन के लिए माध्यम के रूप में कार्य करती है। **नवंबर 2023 में 11.24 अरब लेन-देन दर्ज:** एनपीसीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2023 में 11.24 अरब लेनदेन दर्ज किए गए, जो लेनदेन मूल्य 17.40 खरब तक पहुंच गए। **यूपीआआई को लेकर आरबीआई की नई घोषणा:** एसडब्ल्यूआईएफटी के साथ इस एकीकरण या इंटीग्रेशन से, यूपीआई के जरिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करना सुव्यवस्थित और परेशानी मुक्त हो जाएगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने 8 दिसंबर को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान यूपीआई के संबंध में महत्वपूर्ण फैसले की घोषणा की। इसमें अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए यूपीआई पेमेंट लिमिट तुरंत प्रभाव से 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

### अब गणतंत्र दिवस...

में होने वाली क्वाड समिट भी टाल दी गई है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक क्वाड की मीटिंग के लिए भारत ने जो शेड्यूल बनाया है उस पर बाकी देश सहमत नहीं हैं। भारत पहले 27 जनवरी को शिखर सम्मेलन आयोजित करने की संभावना तलाश रहा था। भारत द्वारा आयोजित होने वाला क्वाड शिखर सम्मेलन 2024 में आयोजित करने का प्रस्ताव है। अगले साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनने के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने कभी औपचारिक रूप से इसकी स्वीकृति की घोषणा नहीं की थी।

### सीबीएसई बोर्ड...

की तिथियों का ध्यान रखा है। बता दें कि एनटीए द्वारा इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2024 के दूसरे सेशन का आयोजन 1 से 15 अप्रैल तक किए जाने की घोषणा की है। बता दें कि पहले बोर्ड ने डेटशीट जारी किए जाने की तिथि का औपचारिक ऐलान नहीं किया था।

लेकिन पूर्व वर्षों के पैटर्न के आधार पर दावा किया जा रहा था कि सीबीएसई 10वीं, 12वीं टाइम-टेबल 2024 को कभी भी जारी कर सकता है। ऐसे में अब जबकि टाइम-टेबल जारी कर दिया गया है, स्टूडेंट्स आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### 197 मेडिकल...

40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द कर दी है। इन कॉलेजों पर फैकल्टी और सीसीटीवी कैमरों से जुड़ी खामियों के आधार पर कार्रवाई की गई थी। सूत्रों के अनुसार, कई कॉलेजों में आवश्यक संकाय की संख्या भी कम है। वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों की उपस्थिति भी पर्याप्त नहीं पाई गई। इसके अलावा, न्यूनतम मानक आवश्यकताएं, (एमएसआर) 2023 के तहत कई खामियां मिलीं। दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी संकाय और वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों की कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

---

## युवा अधिकारियों को सलाह-जाति, पंथ और धर्म के भेदभाव के बिना कर्तव्य का निर्वहन करें

- लेखक एवं पत्रकार पवन कुमार बंसल ने हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, - गुरुग्राम में फाउंडेशन कोर्स करने वाले आईपीएस अधिकारियों के साथ किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, गुरुग्राम में फाउंडेशन कोर्स करने वाले आईपीएस अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए लेखक एवं पत्रकार पवन कुमार बंसल ने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता केवल वर्दी के प्रति होनी चाहिए, किसी राजनेता के प्रति नहीं। उन्होंने युवा आईपीएस, अधिकारियों क जाति,पंथ व धर्म के भेदभाव के बिना कर्तव्य के नकर्वहन की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को मीडिया के साथ भी संतुलित संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब डिजिटल युग के कारण चीजें तेजी से फैल रही हैं, उनसे बचना संभव नहीं है। हरियाणा की राजनीति, शासन और संस्कृति पर दो पुस्तकों के लेखक बंसल ने कहा कि आज अधिकांश युवा आईपीएस, अधिकारी विशेषकर महिला अधिकारी अपने अच्छे काम को सोशल मीडिया पर प्रचारित करने के लिए बहुत उत्सुक हैं जो एक अच्छा चलन नहीं है। दूसरों को इस बारे में बोलना चाहिए कि आप कितने अच्छे हैं या आपने किसी स्थिति को कितनी अच्छी तरह से संभाला है।

अपना काम ईमानदारी और निष्पक्षता से करें और परिणाम के बारे में भूल जाएं। उन्हें स्थानांतरण के बारे में चिंता नहीं करनी चाहिए। बंसल ने कहा कि अधिकारियों को स्थानांतरण के बारे में चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ भी करने से पहले अधिकारी यह सोच लें कि क्या वह कानूनी, निष्पक्ष और जनहित में है, कोई राजनीतिक रूप से प्रेरित गिरफ्तारी नहीं करे।

बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की निवेश एजेंसियों की छोटे-मोटे मामलों को उजागर करने और सनसनीखेज बनाने की प्रवृत्ति राष्ट्रीय शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि हमें यह समझना चाहिए कि बड़ी संख्या में झूठी शिकायतें भी होती हैं, इसलिए अधिकारी, विवेक, बुद्धिमत्ता, वैज्ञानिक साक्ष्य व गहन विवेचना की कसौटी पर आरोपितों पर कार्रवाई करें। युवा अधिकारियों ने बंसल की बात ध्यान से सुनी।

---

## 50 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने वालों गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

वक्फ बोर्ड की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने वाले आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। अब पुलिस अशरफ के साले, मुतवल्ली और प्रधान समेत चार पर इनाम बढ़ाने की तैयारी कर रही है। वहीं दूसरी ओर अवैध तरीके से हड़पी गई प्रॉपर्टी पर बने निर्माण को जमींदोज करने की तैयारी भी शुरू हो गई है। पुलिस और पीडीए जल्द ही बड़ी कार्रवाई करेगी।

सल्लाहपुर में स्थित सुन्नी वक्फ बोर्ड की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने के मामले में केयर टेकर माबूद ने मुतवल्ली मो. असियम, उसकी पत्नी जिन्नत, अशरफ की पत्नी जैनब, उसका साला सद्दाम व जैद, सिवली प्रधान और तारिक के खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इन आरोपियों में अशरफ का साला सद्दाम पहले से जेल में बंद है। पूरामुफ्ती पुलिस बदायूं जेल में उसका बी वारंट तामील करा चुकी है। इस फर्जीवाड़ा में शामिल आरोपियों की तलाश में पुलिस प्रयागराज से लेकर कौशाम्बी तक छापामारी कर चुकी है।

## चिंतन

# नए चेहरों को कमान देकर भाजपा ने फिर चौंकाया

भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान, तीनों ही राज्यों में नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाया है। पार्टी ने नए चेहरे को सीएम की कमान देकर एक साथ कई लक्ष्य साधे हैं। स्थापित चेहरों को संदेश दिया गया है कि दबाव की रणनीति का कोई फायदा नहीं है, सीएम पद किसी का विशेषाधिकार नहीं है, चुनाव सामूहिक रूप से लड़े जाते हैं, सभी विधायक समान हैं। सामान्य कार्यकर्ताओं को संदेश दिया गया है कि पार्टी में ईमानदारी से काम करने पर उनके लिए आगे बढ़ने की राह खुली हुई है, किसी भी नेता का लगातार जीत दर्ज करवाना ही किसी पद के लिए कोई बड़ा पैमाना नहीं है, बल्कि आम कार्यकर्ता और नेता की निष्ठा तथा समर्पण भी बेहद अहम है। आगे लोकसभा व विधानसभा चुनावों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का पूरा ध्यान रखा गया है। आदिवासी, ओबीसी व सवर्ण ब्राह्मण व राजपूत सबको प्रतिनिधित्व दिया गया है। विपक्ष की ओर से जाति जनगणना का राग अलापे जाने के बीच तीनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष के चयन में जातिगत समीकरण का ध्यान रखा गया है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश का फार्मूला सीएम के साथ दो डिप्टी सीएम तीनों ही राज्यों में अपनाया है, हालांकि छत्तीसगढ़ में छोटा राज्य होने के नाते दो डिप्टी सीएम की जरूरत नहीं थी। यूं तो संवैधानिक रूप से डिप्टी सीएम की बहुत बड़ी भूमिका शासन प्रणाली में नहीं है, लेकिन लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व का संदेश देने व सत्ता समीकरण को साधने में यह पद उपयोगी है। कई बार असंतुष्टों को साधने के लिए भी डिप्टी सीएम बनाए जाते हैं। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सीएम, दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम और वासुदेव देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। यहां ब्राह्मण, राजपूत, अनुसूचित व सिंधी को प्रतिनिधित्व दिया गया है। शर्मा से पहले राजस्थान में ब्राह्मण समुदाय से आने वाले आखिरी मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी थे। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को सीएम, अरुण साव व विजय शर्मा को डिप्टी सीएम व रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। इस राज्य में आदिवासी, ओबीसी, ब्राह्मण व राजपूत की सोशल इंजीनियरिंग को साधा गया है। एक आदिवासी को सीएम बना कर भाजपा ने पड़ोसी राज्य झारखंड, ओडिसा व मध्य प्रदेश को साधा है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव को सीएम, जगदीश देवड़ा व राजेन्द्र शुक्ला को डिप्टी सीएम तथा नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा स्पीकर बनाया गया है। यहां ओबीसी, एससी, ब्राहम़ण व राजपूत के समीकरण को मजबूत किया गया है। तीनों ही राज्यों में ब्राह्मण व राजपूत को एक साथ साधा गया है। इस समीकरण का प्रभाव आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। तीनों ही नए चेहरे निर्विवाद व्यक्तित्व हैं, लोप्रोफाइल हैं, पार्टी के वफादार सिपाही हैं, संघ के करीबी हैं। इनके सीएम बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश का नया संचार हुआ है। नए गैर अनुभवी नेता के सीएम बनने से तीनों ही राज्यों में स्थापित नेताओं के बीच अंदरुनी गुटबाजी पर विराम गया गया है। नए नेता को सीएम बना कर भाजपा ने नेतृत्व की नई लाइन भी विकसित की है। पार्टी राज्यों में एक नेता के भरोसे नहीं रहेगी। लेकिन अब नए सीएम पर अपनी नेतृत्व क्षमता सिद्ध करने, भाजपा के संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने, व सुशासन की महती व चुनौतपूर्ण जिम्मेदारी होगी।



**सुप्रीम फैसला**
आर.के. सिन्हा

# 370 की बहाली चाहने वालों को झटका

**जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला सुनाकर उन लोगों को अच्छा-खासा झटका दे दिया, जो चाहते थे कि राज्य में पहले वाली व्यवस्था की बहाली हो जाए और उसे विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की फुल बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद अब खूब जम्मू-कश्मीर राज्य देश की मुख्यधारा से जुड़कर जल्द ही विकास की बुलंदियों को छूने लगेगा**

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला सुनाकर उन लोगों को अच्छा-खासा झटका दे दिया, जो चाहते थे कि राज्य में पहले वाली व्यवस्था की बहाली हो जाए और उसे विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए। किसी राज्य को खास कहना सरासर गलत और एक तरह से संविधान विरोधी है जो किसी राज्य को अलग अधिकार नहीं देता। देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले से श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 'एक देश-एक विधान और एक निशान' की विचारधारा को भी स्वीकृति मिल गई और भारत के विघटन का सपना देखने वालों को करारा जवाब भी मिल गया। बेशक, धारा 370 को निरस्त करने का सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को ही जाता है जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से सही मायनों में जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा से जोड़ा है। मैं भी उन सौभाग्यशाली सांसदों की श्रेणी में हूं, जिन्होंने 2019 में राज्य सभा में अमित शाह के प्रस्ताव के पक्ष में वोट डाला था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की फुल बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला देते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का फैसला बरकरार रखा। इस फैसले से सारा देश गदगद है। सिर्फ उन्हीं की छाती पर सांप लोट रहा है जो भारत की एकता और अखंडता को बना हुआ देखना नहीं चाहते। देश उनके इरादों को कभी सफल नहीं होने देगा। दुर्भाग्य की बात यह है कि इनमें कुछ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील भी हैं, जो यह विरोध मात्र अपने कांग्रेसी आकाओं को खुश करने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें यह पता है कि यदि सर्वोच्च न्यायलय ने कोर्ट के अवमानना का संज्ञान ले लिया तो वे बुरी तरह फसेंगे।

फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, "राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य की ओर से लिए गए केंद्र के फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती है। अनुच्छेद 370 युद्ध जैसी स्थिति में एक अंतरिम प्रावधान था। इसके टेक्स्ट को देखें तो भी पता चलता है कि यह पूर्णतः एक अस्थायी प्रावधान था।" इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए आदेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले को वैध मानता है। अब यह मानकर चलिए कि जम्मू-कश्मीर का सर्वांगीण विकास और रफ्तार पकड़ लेगा। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सबको विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है। इसका प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर के 14 शिखर नेताओं से व्यक्तिगत रूप से मिल भी चुके हैं, जिनमें तत्कालीन राज्य के चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं।

अफसोस होता है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को हटाने के सवाल पर कांग्रेस का रवैया बेहद निराशाजनक रहा है। कांग्रेस के नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह कहते रहे हैं कि केन्द्र में उनकी पार्टी की सरकार आएगी तो वे संविधान के अनुच्छेद 370 को पुनः बहाल कर देंगे। हालांकि, अब कांग्रेस के



नेता और जम्मू-कश्मीर के राजा रहे हरि सिंह के बेटे कर्ण सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

पर कांग्रेस के शिखर नेताओं जैसे राहुल गांधी और सोनिया गांधी को यह बताना होगा कि वे दिग्विजय सिंह की राय के साथ हैं या नहीं? अर्थात क्या कांग्रेस चाहती है कि जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त 2020 से पहले की व्यवस्था लागू हो? कांग्रेस के कई नेता चीख-चीखकर बेशर्मी से कहते रहे हैं कि धारा 370 को खत्म करना लोकतंत्र और संवैधानिक सिद्धांतों पर सीधा हमला है। यकीन मानिए कि जिस भाषा में दिग्विजय सिंह मांग करते रहे हैं, वही तो पाकिस्तान भी बोलता है। चीन भी यही चाहता है। चीन कहता रहा है कि जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा खत्म करना अवैध और अमान्य है। वह भारत के आंतरिक मामले में दखल देने से बाज नहीं आता। चीन ने भारत के धारा 370 को हटाने के कदम को 'अस्वीकार्य' करार दिया था। अगर बात पाकिस्तान की करें तो उसका तो अब रहा-सहा चैन भी खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा तो देर-सवेर मिल ही जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस तरह का देश को भरोसा दिया है, पर अब अनुच्छेद 370 इतिहास की गोद में चला गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राज्य के नेता जैसे महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला विरोध कर रहे हैं। उनसे यही उम्मीद भी थी। उन्हें बरगलाने वाली राजनीति के लिए कोई मसला रहा नहीं, पर उन्हें अब कौन पूछता है।

आखिर अनुच्छेद 370 में क्या खास बात थी जिसकी मांग कांग्रेस तथा कश्मीरी नेता करते रहे हैं? क्या यह सच नहीं है कि अनुच्छेद 370 राज्य को भारत से जोड़ने में विफल रहा था? अनुच्छेद 370 से ही कश्मीर में अलगाववाद बढ़ा था। क्यों वहां पर कभी अल्पसंख्यक आयोग नहीं बना? क्या वहां पर हिंदू, जैन, बौद्ध, ईसाई और सिख नहीं रहते? अनुच्छेद 370 से राज्य के अल्पसंख्यकों के साथ घोर अन्याय हुआ। क्यों अनुच्छेद 370 के दौर में वहां पर सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों से संबंध रखने वालों को आरक्षण नहीं मिला?

शिक्षा का अधिकार देश की संसद ने दिया था पर जम्मू-कश्मीर के बच्चों को यह अधिकार नहीं था, क्योंकि वहां अनुच्छेद 370 लागू था। और तो और वहां इसी धारा 370 के कारण आरटीआई एक्ट तक लागू नहीं हो पाया था। बहरहाल, एक लंबे अंतराल के बाद अब जम्मू-कश्मीर से खुशनुमा बयार बहने लगी है। उसे सारा देश ही महसूस कर रहा है। भारत विरोधी नेता और शक्तियां अब जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में अब पूरी तरह अप्रसांगिक होती जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर में फिर से फिल्मों की शूटिंग के लिए बेहतर माहौल बनाया जा रहा है। बर्फ की चादर में लिपटी कश्मीर की हसीन वादियों को भारतीय फिल्मों को गुजरे सालों के दौरान खूब दिखाया गया है। कश्मीर में हर जगह फिल्म शूटिंग हो सकती है। यह एक सदाबहार शूटिंग स्थल है। यहां दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं के लिए शूटिंग की पूरी संभावना है। बॉलीवुड के कई फिल्म निर्माता यहां कश्मीर में शूटिंग के लिए आना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा दिन-रात राज्य के चौतरफा विकास को लेकर सक्रिय रहते हैं। उनसे मेरे खुद के बहुत घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध तब से जब वे बीएचयू छात्र संघ के अध्यक्ष हुआ करते थे। उन्हें जो जिम्मेदारी मिलती है, उसे वे पूरी लगन से पूरा करते हैं। वे बेहद अनुभवी, गंभीर और ईमानदार राजनेता हैं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद अब खूब जम्मू-कश्मीर राज्य देश की मुख्यधारा से जुड़कर जल्द ही विकास की बुलंदियों को छूने लगेगा।

(लेखक राज्य सभा सांसद रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



झारखंड के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक, साथ ही साथ यहीं माता सती के 52 शक्तिपीठों में से एक जहां माता का हृदय विराजमान है, यह शक्तिपीठ हाद्रपीठ के रूप में जाना जाता है। इस मंदिर को देव शिल्पि विश्वकर्मा जी ने बनाया है और कुछ इतिहासकारों का कहना है कि अभी की संरचना सन 1496 में गिधौर (जिला - जमुई, बिहार) के राजा पूरनमल ने बैधनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया था।

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
**दर्शन**

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। *-संत राजिन्दर सिंह (आध्यात्मिक गुरु)*

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
**प्रेरणा**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## कॉप-28

अखिलेश आर्येन्दु



# सार्थक विकल्पों से ऊर्जा की जरूरतें पूरी करने की चुनौती

तीस नवम्बर से 12 दिसम्बर 2023 तक संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की 28वीं सभा यानी कॉप 28 की बैठक दुबई में सम्पन्न हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बैठक में शिरकत की और उच्च स्तरीय खंड का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क के प्रति प्रतिबद्ध है। हमने सतत विकास के लिए बेहतर जीवन शैली के सिद्धांत अपनाए हैं। हमने वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा को 3 फीसदी करने पर प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी रहती है, इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 4 फीसदी से भी कम है। उनके सम्बोधन से यह बात निकल कर आई कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ अपनी प्रतिबद्धता से हटा नहीं है। गौरतलब है कि भारत ने साल 2023 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए हाल ही में अगले पांच साल के लिए जो नई योजना तैयार की है उसके तहत अगले पांच साल में 500 मेगावाट गैर जीवाश्म आधारित बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी के तहत अगले पांच साल में सालाना 50 मेगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। दुबई में आयोजित कॉप बैठक कई मायने में अहम मुद्दों पर सार्थक परिणाम पर पहुंचने में सफल रही। कार्बन-उत्सर्जन से बचते हुए विकास-कार्यों को कैसे अंजाम दिया जा सकता है, इस पर दुनिया का मार्गदर्शन भारत ने बखूबी किया। दुनिया के वैज्ञानिकों के मुताबिक दुनिया के एक चौथाई कार्बन का उत्सर्जन फूड सेक्टर से होता है। दुनियाभर में बूचड़खानों से बहुत बड़ी तादाद में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है। अरबों लीटर पानी की बर्बादी होती है और अरबों टन खून कई तरह की गम्भीर समस्याएं पैदा करता है, इसलिए फूड सेक्टर से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को प्रमुख विषय के रूप में चर्चा का विषय बनाया जाना बैठक की गंभीरता कही जाएगी। अमेरिका की मोंटाना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अपने एक गहन अध्ययन में पाया कि धरती के बढ़ते तापमान से मानव जीवन पर जानलेवा बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ेगा। इससे डेंगू, चिकनगुनिया और दूसरी तमाम बीमारियों के बढ़ने से अनेक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। डेंगू सरीखे अन्य मच्छर पैदा हो सकते हैं जिन्हें मारना मुश्किल होगा। दुनिया के कई देशों में सौर ऊर्जा से घरों, कारखानों और कार्यालयों में ही नहीं सड़कों के संकेतों को भी इससे चलाया जा रहा है। भारत में ऊर्जा जरूरतों में 4 प्रतिशत सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। जिसका प्रयोग घरों में उजाला करने, टीवी, कम्प्यूटर चलाने और ऐसे ही छोटे-मोटे कार्यों में किया जा रहा है। देश में अभी 44,217 मेगावाट से ज्यादा नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। वहीं पर जलविद्युत उत्पादन क्षमता 37,414 मेगावाट है। सौर ऊर्जा संय़ंत्र लगाने का कार्य भारत में तेजी से हो रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले वक्त में भारत जलवायु सम्मेलनों में हिस्सा लेने वाले सभी बड़े व विकसित देशों में इस दिशा में कुछ सालों में सबसे आगे बढ़कर दुनिया का मार्गदर्शन करता दिखाई देगा।

(लेखक वरिष्ठ चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती


**मानवाधिकार दिवस का औचित्य**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर 1948 को पेरिस में एक घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहल की गई थी। इसमें यह चीजें थी कि दुनियाभर में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न करते हुए सभी लोगों को बराबर अधिकार उपलब्ध करवाए जाएं। संयुक्त राष्ट्र ने 10 दिसंबर 1950 को मानवाधिकार दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष इस दिवस का थीम है- सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय। आज दुनिया में बहुत से देश ऐसे भी हैं जहां के नागरिक अधिकारों से वंचित हैं। इस दिवस का औचित्य तभी है, अगर वास्तव में ही सभी को मानवाधिकार मिल जाएं।

*-संतोष पुराणिक, बलौदा बाजार*

## करंट अफेयर


# म्यामां दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश



संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक गृह युद्ध से प्रभावित म्यामां अफगानिस्तान को पीछे छोड़कर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बन गया। मादक पदार्थ और अपराध संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने अपने 'दक्षिण-पूर्व एशिया अफीम सर्वेक्षण 2023' में कहा कि म्यामां का अफीम उत्पादन अफगानिस्तान से भी अधिक है। तालिबान के शासन में आने के बाद अफगानिस्तान में अफीम के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यूएनओडीसी ने पिछले महीने कहा था कि तालिबान के प्रतिबंध के कारण अफीम पोस्ता की खेती में 95 प्रतिशत की गिरावट आई है। यूएनओडीसी की ताजा रिपोर्टzके मुताबिक, 2022 से 2023 के बीच म्यामां में अफीम की खेती का क्षेत्रफल 18 प्रतिशत बढ़कर 47,100 हेक्टेयर (1,16,400 एकड़) हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, अफीम की अनुमानित उपज 16 फीसदी बढ़कर 22.9 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है, जो 2022 के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। इसमें कहा गया है कि म्यामां में हिंसक राजनीतिक उथल-पुथल से अफीम उत्पादन को बढ़ावा मिला है।

## ऑफ बीट


# कोआला को गर्मी से परेशानी होती है



आने वाले दिनों में हम ऐसी गर्मी की तैयारी कर रहे हैं, जो असमान्य रूप से गर्म होगी तो ऐसे में कोआला के बारे में भी सोचें। वे चिलचिलाती गर्मी में प्यार, भोजन और पानी की तलाश में इधर-उधर घूमेंगे। थैली में बच्चों को रखने वाली माँ कोआला विशेष रूप से असुरक्षित होती हैं। हमारी सड़कों को पार करने का प्रयास करते समय कई मार जाएंगे या घायल होंगे। कभी-कभी इस प्रक्रिया में बच्चे अनाथ हो जाते हैं, लेकिन वे ऑस्ट्रेलिया के पुनर्वास केंद्रों में से किसी एक में भले ही पहुंच जाएं, इन कोआला शिशुओं पर संभावित दाताओं और मीडिया जैसे नेक इरादे वाले आगंतुकों का दबाव हो सकता है। गर्म और शुष्क परिस्थितियाँ गोंद के पेड़ की पत्तियों को कम पौष्टिक बनाती हैं, इसलिए कोआला अतिरिक्त जल स्रोतों की तलाश करते हैं। कुछ बीमारियाँ उनकी किडनी को भी नुकसान पहुँचा सकती हैं, जिससे वे अधिक पानी पी सकते हैं। चूँकि निवास स्थान की हानि कोआला को हमारे शहरों में धकेल रही है, लोग अक्सर सड़कों पर, पार्कों में और कभी-कभी अपने पिछवाड़े में भी इन जंगली जानवरों का सामना करते हैं।

## ट्रेंड

### एकता का सशक्त संदेश



आर्टिकल 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक है, जो 5 अगस्त, 2019 को संसद में लिए गए फैसले पर संवैधानिक मुहर लगाता है। इसमें जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के भाई-बहनों के लिए उन्नति और एकता का सशक्त संदेश है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सबसे सख्त कानून



आज सांसद अब तक के सबसे सख्त अवैध आव्रजन विरोधी कानून पर मतदान करेंगे। यह विधेयक हमें यह नियंत्रित करने की अनुमति देगा कि इस देश में कौन आता है। नावों को रोकने के लिए हमें इस बिल का समर्थन करना होगा।
**-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम**

### कार्बन उत्सर्जन बड़ी चुनौती



पर्यावरण के प्रति जागरूकता का अर्थ अधिक वृक्षारोपण से है। कार्बन का प्रचुर मात्रा में उत्सर्जन बड़ी चुनौती है, विषैली गैसें वातावरण को विषाक्त कर रही हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध उत्खनन नहीं होना चाहिए।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### टीम पर कुछ विचार



भारत में इंग्लैंड टीम पर कुछ विचार। मुझे डर है कि वे बल्लेबाज़ छोटे हैं और स्पिनर बहुत भारी हैं। मुझे यकीन नहीं है कि कोई स्पिनर 7वें नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है, जिसका मतलब है कि वे ज्यादातर मैचों में शायद 4 गेंदबाजों व रूट के साथ उतरेंगे।
**-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

राजस्थान में दो उप मुख्यमंत्री, स्पीकर बने

# भजनलाल, दीया और प्रेम को कमान सौंप भाजपा ने साधा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ जयपुर

दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवला को उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है।

पार्टी ने इन तीन नेताओं के जरिए 4 समीकरण साधने की कोशिश की है। लोकसभा चुनाव में 6 महीनों से भी कम का समय रह गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव से पहले ज्यादा से ज्यादा जातियों को साधने की कोशिश में बीजेपी ने राजस्थान में भी एक सीएम और 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला अपनाया है।



### डिप्टी सीएम बैरवा

*जयपुर प्रेमचंद बैरवा का नाम राजस्थान के उपमुख्यमंत्री बने हैं। बैरवा राजस्थान के दूदू से विधायक हैं। बैरवा या बेरवा राजस्थान के साथ ही मध्य प्रदेश और दिल्ली में रहने वाली अनुसूचित जाति है। उन्होंने 2018 में हार के बाद वापसी की है। 49 वर्षीय विधायक ने 2023 के राजस्थान विधानसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार बाबूलाल नागर को 35,743 वोटों के मामूली अंतर से हराकर सीट जीती थी। 2013 में कांग्रेस उम्मीदवार हजारी लाल नागर को 33,720 वोटों के अंतर से हराकर दूदू निर्वाचन क्षेत्र जीता था। वे 2018 में बाबू लाल नागर से हार गए थे।*

### दीया का है राज परिवार से संबंध, स्कूलों व होटलों की मालकिन



दीया कुमारी का संबंध राजस्थान के एक राज परिवार से है। उनके दादा मान सिंह-2 जयपुर के अंतिम महाराजा थे। वे दिवंगत महाराजा सवाई भवानी सिंह और महारानी पद्मिनी देवी की बेटी हैं। अकबर के नवरत्नों में जयपुर के महाराजा मान सिंह भी शामिल थे। उनकी 1994 में नरेंद्र सिंह से शादी हुई थी। 2018 में दोनों ने तलाक ले लिया था। उन्होंने ब्रिटेन जाकर पढ़ाई की है। उन्होंने लंदन मेंडेकोरेटिव आर्ट्स में पढ़ाई पूरी की। 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वे दो स्कूलों, दो ट्रस्टों और संग्रहालयों, होटलों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का भी नेतृत्व करती हैं।बाघ संरक्षण प्राधिकरण के सदस्य हैं।

### वासुदेव देवनानी

## राजस्थान के विधानसभा स्पीकर

अजमेर उत्तर से लगातार पांचवीं बार के बीजेपी विधायक वासुदेव देवनानी को राजस्थान का विधानसभा स्पीकर बनाया गया है।अजमेर उत्तर के निवर्तमान विधायक वासुदेव देवनानी हैं, जो भाजपा का एक प्रमुख चेहरा हैं। 2018 में हुए पिछले चुनावों में, वासुदेव देवनानी ने 132,947 वोटों में से कुल 67,881 वोटों के साथ शानदार जीत हासिल की थी। कांग्रेस के उम्मीदवार, महेंद्र सिंह रलावता पर उनकी जीत 8,630 वोटों के महत्वपूर्ण अंतर से हुई। 2013 में, भाजपा के वासुदेव देवनानी कांग्रेस के डॉ. श्रीगोपाल बाहेती को 20,479 वोटों के प्रभावशाली अंतर से पीछे छोड़कर विजयी हुए थे। दूसरी ओर, 2008 का चुनाव बेहद रोमांचक था क्योंकि वासुदेव देवनानी ने डॉ. श्रीगोपाल बाहेती के खिलाफ सिर्फ 688 वोटों की मामूली बढ़त के साथ सीट हासिल की थी।



### 10 मुख्यमंत्रियों के चयन में भी भाजपा ने देश को चौंकाया था

भाजपा ने ऐसा पहली बार नहीं किया है इससे पहले भी कई राज्यों में नए चेहरों को कुर्सी सौंपकर राजनीतिक विशेषज्ञों के सारे अनुमान गलत साबित किए हैं।सोशल मीडिया से लेकर चौक-चौराहों तक आमजन के बीच चर्चा है कि मोदी-शाह की ये जोड़ी सरप्राइज देने में अव्वल है। इनकी ओर से लिए गए बड़े-बड़े फैसलों की भनक मीडिया तो दूर इनके खुद के करीबी नेताओं, मंत्रियों और अधिकारियों तक को नहीं होती है।

#### इनके नाम पर भी लग गई थी मुहर

- *विष्णुदेव साय: सीएम रेस में नहीं था नाम*
- *पुष्कर धामी : दूसरी बार के विधायक ने ली शपथ*
- *भूपेंद्र पटेल: सीएम रेस में दूर-दूर तक नहीं था जिक्र*
- *तीरथ सिंह रावत: ईमानदार छवि के नेता को सौंपी कुर्सी*
- *प्रमोद सावंत: आयुर्वेद चिकित्सक को बनाया मुख्यमंत्री*
- *मनोहर लाल खट्टर: गैर जाट नेता पर लगाया दांव*
- *रघुवर दास: पहले गैर आदिवासी सीएम बने*
- *देवेंद्र फडणवीस: दूसरे सबसे युवा सीएम बने*
- *हिमंत बिस्वा सरमा: सर्वानंद नहीं सरमा बन गए सीएम*
- *द्रौपदी मुर्मू और रामनाथ कोविंद के नाम पर चौंके लोग*

## खबर संक्षेप

### महुआ 1 माह में खाली करें सरकारी आवास



**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद और तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को अगले 30 दिन में सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भेजा गया है। लोकसभा से निष्कासित किए जाने के बाद महुआ ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका की है। उन्होंने अपनी याचिका में लोकसभा से अपने निलंबन को चुनौती दी है।

### जेएनयू में धरना तो 20 हजार जुर्माना-निलंबन



**नई दिल्ली।** अब अगर जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) में विरोध प्रदर्शन किया तो ये महंगा पड़ेगा। जेएनयू प्रशासन ने शैक्षणिक भवन के 100 मीटर के दायरे में पोस्टर लगाना और विरोध प्रदर्शन करना बैन कर दिया है। उल्लंघन करने पर 20,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है या निष्कासन भी हो सकता है।

### शाह को शायद इतिहास नहीं मालूम: राहुल



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह विपक्ष पर हमला करते हुए कहा था कि पूरा देश समझ गया है कि कश्मीर मुद्दे से निपटने में पं.जवाहरलाल नेहरू की गलती थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि ये बात केवल भ्रमित करने के लिए की गई है। मूल मुद्दा जातीय जनगणना है। शाह को ीतिहास नहीं मालूम है।

### पुजारी पर गलत पोस्ट कांग्रेस नेता गिरफ्तार



**अहमदाबाद।** अयोध्या राम मंदिर के पुजारी मोहित पांडे का फर्जी अश्लील वीडियो प्रसारित पर पुलिस ने गुजरात कांग्रेस नेता हितेंद्र पीठडीया को गिरफ्तार किया है। अहमदाबाद साइबर क्राइम ने पीठडीया की पोस्ट पर उठे विवाद के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था।

पीएम मोदी ने जीपीएआई शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन और बोले

# हम एआई की क्षमता का फायदा उठाएं और भविष्य को गढ़ने का आधार बनाएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का मंगलवार को उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने ग्लोबल एआई एक्सपो का भी अवलोकन किया।

जीपीएआई 29 सदस्य देशों के साथ एक बहु-हितधारक पहल है, जिसका लक्ष्य एआई से संबंधित प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक गतिविधियों का समर्थन करके एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को खत्म करना है। भारत 2024 में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रमुख अध्यक्ष है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में हम एआई नवाचार की भावना देख रहे हैं, सरकार की नीतियां और कार्यक्रम सभी के लिए एआई' द्वारा निर्देशित हैं, भारत एआई के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि एआई परिवर्तनकारी है लेकिन इसे अधिक से अधिक पारदर्शी बनाना हम पर निर्भर है।हमें अत्यधिक सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। मेरा मानना है कि इस शिखर सम्मेलन से निकलने वाले सुझाव और विचार हमें दुनिया को एआई के गहरे पहलुओं से उत्पन्न संभावित जोखिमों और चुनौतियों से बचाने में मदद करेंगे।

## एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को खत्म करना ही प्राथमिकता

### हमारा मंत्र है सबका साथ-सबका विकास

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में हमारा विकास मंत्र है, सबका साथ-सबका विकास। हमने एआईफॉर आल की भावना से प्रेरित होकर सरकार की नीतियां और प्रोग्राम तैयार किए हैं। हमारा प्रयास है कि हम सामाजिक विकास और उन्नति के लिए एआई की क्षमताओं का पूरा फायदा उठा सकें। यह जिम्मेदारियों से बरा हुआ है। एआई के साथ हम नए युग में प्रवेश कर रहे हैं।



### एआई सबके लाभ के लिए और भले के लिए है

हमें दुनिया को यकीन दिलाना होगा कि एआई उनके लाभ के लिए है, उनके भले के लिए है। हमें दुनिया के विभिन्न देशों को ये भी विश्वास दिलाना होगा कि इस तकनीक की विकास यात्रा में किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाएगा। एआई पर विश्वास तब बढ़ेगा जब इससे जुड़े जमीनी , आर्थिक और सामाजिक सरोकारों पर ध्यान दिया जाएगा।

### हम जल्द शुरू करेंगे भारत में एआई मिशन

हम कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में एआई मिशन शुरू करने के लिए तैयार हैं। हमारा राष्ट्रीय एआई पोर्टल इन एआई पहलों को समर्थन और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एआई की विकास यात्रा जितनी अधिक समावेशी होगी, समाज उतने ही बेहतर परिणाम प्राप्त करेगा। पिछले दशकों से सीखते हुए जहां प्रौद्योगिकी तक पहुंच में असमानता थी, अब हमें समाज को इस तरह के नुकसान से बचाना चाहिए। जब लोकतांत्रिक मूल्य प्रौद्योगिकी से जुड़ते हैं, तो यह समावेशिता के लिए गुणक के रूप में कार्य करता है।

### नैतिक, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत

पीएम मोदी ने कहा कि एआई पर भरोसा तभी बढ़ेगा जब संबंधित नैतिक, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग को एआई विकास वक्र का हिस्सा बनाएं, हमें एआई के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने के लिए मिलकर काम करना होगा। क्या किसी सूचना या उत्पाद को एआई जनित के रूप में चिह्नित करने के लिए एक सॉफ्टवेयर वॉटरमार्क पेश किया जा सकता है, एक ऑडिट तंत्र का पता लगाएं जो एआई टूल को उनकी क्षमताओं के अनुसार लाल, पीले या हरे रंग में वर्गीकृत कर सके।

### आज भारत इसका सबसे बड़ा खिलाड़ी

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत एआई टैलेंट और इससे जुड़े न्यू आइडिया का सबसे प्रमुख प्लेयर है। भारत के युवा, इसके जानकार , खोजकर्ता और सीमा का निर्यात कर रहे हैं। आज, भारत एआई और उसके उपसमुच्चय के क्षेत्र में अग्रणी है। हम एआई के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में हमने कृषि में एक एआई चेक पोर्टल लॉन्च किया है, जो किसानों को उनके आवेदन की स्थिति की जांच करने, भुगतान विवरण तक पहुंचने और सरकारी योजनाओं के बारे में आसानी से सूचित रहने की सुविधा प्रदान करता है।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने इंडिया गठबंधन को बताया भ्रष्ट लोगों का एक संघ

# 'भ्रष्टाचार की दुकानें' बंद हों कांग्रेस तो सबसे भ्रष्ट पार्टी

केंद्रीय जांच एजेंसियों का हमला तेज होने पर ये सभी भड़क रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को इंडिया ब्लॉक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने का मोदी सरकार का संकल्प ही विपक्षी नेताओं के एकजुट होने और केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अपना हमला तेज करने का एकमात्र कारण है।

एक संवाददाता सम्मेलन में रिजिजू और भाजपा नेता संगीता सिंहदेव, रामेश्वर तेली और निसिथ प्रमाणिक ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसर से 351 करोड़ रुपए की बरामदगी एक बार की नहीं है। इससे पहले बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और दिल्ली सहित विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ भी मामले दर्ज हैं। रिजिजू ने कहा, कांग्रेस द्वारा खोली गई बहुत सारी भ्रष्टाचार की दुकानें बंद होनी चाहिए। यह कहना गलत नहीं होगा कि आईएनडीआईए गठबंधन के एक साथ आने का लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह भ्रष्ट लोगों द्वारा भ्रष्ट लोगों की भलाई के लिए भ्रष्ट लोगों का एक संघ है।



### बेनर्जी, आप के साथ तमिलनाडु की सरकारें भी कट्टर 'भ्रष्ट'

*कांग्रेस को भ्रष्टाचार पार्टी कहा जाना चाहिए क्योंकि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जड़ है। बेंगलुरु में एक कांग्रेस नेता के रिश्तेदार से 42 करोड़ बरामद किए गए। ममता बेनर्जी सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। तमिलनाडु में, एक मंत्री सेंथिल बालाजी जेल में हैं और जो पार्टी खुद को 'कट्टर ईमानदार' कहती है, उसके कई नेता जेल में हैं।*

### कांग्रेस शासन के दौरान बढ़ा भ्रष्टाचार

रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान भ्रष्टाचार बढ़ा क्योंकि पार्टी भ्रष्ट आचरण को कायम रखने के सिद्धांत में विश्वास करती है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उनकी नीति है... लूटो और दूसरों को लूटने दो। रिजिजू ने कहा कि कई घोटाले सामने आने के बाद मतदाताओं ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को खारिज कर दिया।

## करीब 30,000 भक्तों ने ली बौद्ध धार्मिक शिक्षा



**गंगटोक।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यात्सो, गंगटोक के पालज़ोर स्टेडियम में लगभग 30,000 भक्तों को बौद्ध धार्मिक शिक्षा देने के लिए पहुंचे।

आयकर विभाग की लोगों को सलाह

# 15 दिसंबर तक अग्रिम कर की तीसरी किस्त का करें भुगतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एडवांस टैक्स की तीसरी किस्त का भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है।

विभाग ने करदाताओं को समय पर अपने अग्रिम कर की किस्त का भुगतान करने की सलाह दी है। विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं से अपील की है कि वे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 15 दिसंबर, 2023 तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का भुगतान करना अवश्य याद रखें।



### ये इन पर लागू

एडवांस टैक्स उन लोगों को चुकाना होता है, जिनकी टैक्स देनदारी 10 हजार रुपए से अधिक होती है। यह नौकरीपेशा लोग, फ्रीलांसर, व्यापारियों और अन्य किसी तरह से पैसे कमाने वाले लोगों पर लागू होता है। हालांकि, कुछ लोगों को छूट भी मिली हुई है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

# देश में रह रहे अवैध प्रवासियों का आंकड़ा जुटाना असंभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे अवैध प्रवासियों के आंकड़े जुटाना संभव नहीं है क्योंकि अवैध प्रवासी गुप्त तरीके से देश में दाखिल होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई कर रहा है। इसी सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने हलफनामा देकर ये बात बताई। नागरिकता कानून की यह धारा असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित है।



### 17,861 लोगों को अब तक नागरिकता दी

केंद्र ने बताया कि 17,861 लोगों को इस प्रावधान के तहत नागरिकता दी गई है। विदेशी ट्रिब्यूनल के आदेशों के तहत साल 1966-1971 के बीच 32,381 लोगों की बतौर विदेशी पहचान की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 7 दिसंबर को सरकार से सवाल किया था।

राष्ट्रपति ने लखनऊ में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में कहा

# 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लें युवा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को लखनऊ में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी लखनऊ के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

राष्ट्रपति ने मेधावियों को मेडल प्रदान कीं। दीक्षांत समारोह में संबोधन के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बने। उन्होंने जोर दिया कि यह आईआईआईटी लखनऊ के सभी छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल इस दृष्टिकोण में भागीदार बनें बल्कि इसे पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ भी दें। उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। उनका स्वागत भी किया।

### अनुकूल आचरण करते हुए भविष्य का निर्माण करें



राष्ट्रपति ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैंने अभी देखा है कि आपके संस्थान के लोगों में विद्या ददाति विनयम... को उल्लेखित किया है जिसका अर्थ है विद्या विनय देती है और विनय से पात्रता आती है। पात्रता से धन आता है और धन से धर्म आता है। धर्म से सुख प्राप्त होता है। मुझे आशा है कि आप सब अपने संस्थान के ध्येय के अनुकूल आचरण करते हुए भविष्य का निर्माण करेंगे।

### भारत प्रौद्योगिकियों के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा

उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। हम चौथी औद्योगिक क्रांति की शुरुआत देख रहे हैं। भारत न केवल चौथी औद्योगिक क्रांति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और ब्लॉकचेन जैसी नई प्रौद्योगिकियों के वैश्विक केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।

### सभी छात्र विकास के दृष्टिकोण में भागीदार बनें

उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि आईआईआईटी लखनऊ को विशेष दर्जा दिया गया है। इंजीनियरिंग और बिजनेस जैसे क्षेत्र में शिक्षा प्रधान करने वाले आईआईआईटी जैसे संस्थान शिखर पर खड़े हैं। डिजिटल बिजनेस के लिए संस्थान ने प्रोग्राम शुरू किया है, यह सराहनीय कदम है। राष्ट्रपति ने डिजायर, डेमोक्रेसी, डेवलपमेंट जैसे 5डीका उल्लेख किया। भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरा करने के वक्त विकसित राष्ट्र का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में कार्य करने के लिए आप सबको संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बने।


कांग्रेस सांसद साहू के ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा

# आईटी की रेड खत्म, करोड़ों कैश सोने के बिस्किट व कागजात जब्त

एजेंसी ▶▶ रांची

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ओडिशा के बलांगीर वाले ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड मंगलवार को खत्म हो गई।

बताया जा रहा है कि आयकर अधिकारियों और सीआईएसएफ कर्मियों को साहू के परिसर से निकलते देखा जा सकता है।बताया जा रहा है कि राज्यसभा एमपी के अकेले बलांगीर स्थित परिसर से करीब 280 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। साहू से जुड़ी संपत्तियों पर रविवार को आयकर छापे के दौरान नोटों के ढेर जब्त किए गए थे। एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि नोटों से भरे कुल 176 बैग मिले। 3 बैंकों के अधिकारियों को इनकी गिनती में लगाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे 50 अधिकारी इसमें शामिल रहे। नोट गिनने की 40 मशीनें मंगाई गईं जिसमें से 25 इस्तेमाल हुईं।



### सोने के 40 बिस्किट, हीरे जड़ित सोने के आभूषण और डाक्यूमेंट बरामद

बलांगीर के टिटलागढ़ शहर में प्राइवेट बैंक अकाउंट के तीन लॉकरों से 40 सोने के बिस्किट, हीरे जड़ित सोने के आभूषण और कुछ अहम डाक्यूमेंट बरामद हुए। आयकर विभाग की क्षेत्रीय जांच शाखा की ओर से कार्रवाई पर अंतरिम रिपोर्ट विभाग के प्रशासनिक निकाय, दिल्ली में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को भेजी गई है। यह तलाशी भुवनेश्वर मुख्यालय वाली बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ शुरू हुई।

## खबर संक्षेप

### मोतीसंस ज्वेलर्स ने किया आईपीओ का दायरा तय

**नई दिल्ली।** जयपुर की खुदरा आभूषण कंपनी मोतीसंस ज्वेलर्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 52 से 55 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 18 दिसंबर को खुलेगा और 20 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ पूरी तरह से 2.74 करोड़ इक्विटी शेयर से जुड़ा है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है।

### स्पाइसजेट इक्विटी शेयर के जरिए जुटाएगी पूंजी

**नई दिल्ली।** संकटग्रस्त एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट इक्विटी शेयर जारी कर 2,250 करोड़ रुपये की नई पूंजी जुटाएगी। स्पाइसजेट के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर इक्विटी शेयर/इक्विटी वॉरंट जारी करने की मंजूरी दे दी है। स्पाइसजेट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस राशि से कंपनी को अपनी उपस्थिति और बाजार पहुंच बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी।

### यंग इंडिया सुकून भरी नींद के लिए ज्यादा खर्च करने को तैयार: मैग्निफ्लेक्स स्लीप इंडेक्स

**नई दिल्ली।** यूरोप में लक्ज़री मैट्रेस के नंबर वन ब्रैंड मैग्निफ्लेक्स द्वारा हाल में किये गये एक अध्ययन में सामने आया है कि ग्राहक इस बात को अच्छे से जानते हैं कि अच्छी क्वालिटी के मैट्रेस का सेहत और अच्छी नींद दोनों पर काफी असर पड़ता है। मैग्निफ्लेक्स स्लीप इंडेक्स का यह सर्वे देश भर में 18 से 70 साल की उम्र के लोगों के बीच किया गया। सर्वे में भाग लेने वाले 53 प्रतिशत लोग पीठ के दर्द को कम करने के लिए बेहतर क्वॉलिटी के गद्दों की अहमियत से भली-भांति वाकिफ थे। सर्वे के इन नतीजों से भारतीयों की अच्छी सेहत के प्रति जागरूकता पूरी तरह उभरकर सामने आई। इसमें यह भी पता चला कि अपनी सेहत को बेहतर बनाने के लिए अच्छी क्लॉलिटी के गद्दों को खरीदने के लिए भारतीय ज्यादा खर्च करने को तैयार हैं।

# सरकार फिर बेचेगी सस्ता सोना, घर बैठे खरीदारी पर मिलेगी 500 रुपए की छूट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मोदी सरकार एक बार फिर सराफा बाजार से सस्ता और अच्छा रिटर्न देने वाला 24 कैरेट सोना बेचने जा रही है। यह सोना निवेशक को एक सर्टिफिकेट के रूप मिलता है, बजाय फिजिकल गोल्ड के। पहली बार के निवेशकों को 128 प्रतिशत से अधिक रिटर्न देने वाले गोल्ड बांड की खरीद का मौका दिसंबर और फरवरी में फिर मिलेगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, गोल्ड बांड योजना 2023-24 की तीसरी किस्त इस महीने 18 से 22 दिसंबर को खुलेगी। वहीं चौथी किस्त के लिए 12 से 16 फरवरी के बीच निवेश का मौका मिलेगा। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पहली किस्त की बिक्री 19 से 23 जून और दूसरी किस्त की बिक्री 11 से 15 सितंबर के बीच हुई थी। परंपरागत सोने की मांग कम करने और घरेलू बचत के एक हिस्से के तौर पर गोल्ड बांड की बिक्री सबसे पहले नवंबर, 2015 में शुरू की गई थी। गोल्ड बांड में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से निवेश की सुविधा है। अगर कोई व्यक्ति ऑफलाइन निवेश करना चाहता है तो उसे नामित बैंक शाखाओं में जाकर फार्म भरना होगा और सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। ऑनलाइन या डिजिटल माध्यम से भुगतान करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए की छूट प्रदान की जाती है। यानी 10 ग्राम पर 500 रुपए की छूट मिलेगी।

## गोल्ड बांड योजना 2023-24 की तीसरी किस्त इस महीने 18 से 22 दिसंबर को खुलेगी

### कम से कम 1 ग्राम सोना खरीदना होगा

आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, गोल्ड बांड में निवेश करने के लिए कम से कम 1 ग्राम सोना खरीदना होगा। वहीं, कोई भी व्यक्ति एक बार में अधिक 500 ग्राम तक खरीद सकता है। एक वित्त वर्ष के लिए यह सीमा अधिकतम चार किलोग्राम है। कुछ संस्थाओं के लिए यह सीमा 20 किलोग्राम तक है।



चौथी किस्त के लिए 12 से 16 फरवरी 2024 के बीच निवेश का मौका मिलेगा

### सालाना कितना ब्याज

*इसमें दस्तावेज के रूप में और डिजिटल रूप में भी निवेश कर सकते हैं। इसकी परिपक्वता अवधि आठ साल की है। लेकिन पांच साल पूरा होने पर इसमें से राशि निकलने की छूट है। सरकारी गोल्ड बांड पर 2.5 फीसदी की सालाना दर से ब्याज मिलता है। यह अर्ध-वार्षिक देय है। हालांकि, गोल्ड बांड से अर्जित ब्याज कर योग्य है लेकिन इन बांड को भुनाने से होने वाले पूंजीगत लाभ पर कोई कर नहीं लगता।*

### कहां से खरीदें गोल्ड बांड

*सरकार की ओर से गोल्ड बांड आरबीआई द्वारा जारी किए जाते हैं। आरबीआई ने इनकी बिक्री के लिए चुनिंदा बैंकों और पोस्ट आफिस, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया तथा स्टॉक एक्सचेंज एनएससी और बीएससी को अधिकृत किया हुआ है। स्टॉक एक्सचेंज के जरिए बांड खरीदने के लिए डीमैट खाता होना जरूरी है।*

## राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

# अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन 11.7 प्रतिशत बढ़ा, 16 माह का उच्चस्तर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अक्टूबर में 16 माह के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से यह तेजी आई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर अक्टूबर, 2023 में 16 महीनों के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। आईआईपी वृद्धि का पिछला उच्चस्तर जून, 2022 में 12.6 प्रतिशत रहा था। एक साल पहले के समान माह में औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 10.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि साल भर पहले इसमें 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत रही जो पिछले साल की समान अवधि में 2.6 प्रतिशत थी।

- विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन
- अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 10 .4 फीसदी बढ़ा
- खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 13 .1 प्रतिशत रही



### निर्माण वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि

*गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन एक साल पहले की 13 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 8.6 प्रतिशत बढ़ गया। बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं के उत्पादन में 11.3 प्रतिशत की बढ़त हुई जबकि पिछले साल के समान माह में यह 1.7 प्रतिशत बढ़ा था।*

### टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में बढ़ोतरी

*उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड में इस साल अक्टूबर में 22.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 2.4 प्रतिशत गिर गया था। आलोच्य अवधि में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 15.9 प्रतिशत बढ़ गया जबकि अक्टूबर, 2022 में यह 18.1 प्रतिशत गिर गया था।*

### प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन बढ़ा

*आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2.1 प्रतिशत थी। अक्टूबर में मध्यवर्ती वस्तुओं का उत्पादन 9.7 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी।*

### बिजली क्षेत्र के उत्पादन में उछाल दर्ज

*वहीं, बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 20.4 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। साल भर पहले की समान अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.9 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले साल की समान अवधि में यह 5.3 प्रतिशत रही थी।*

### आईआईपी के आंकड़े संशोधित किए गए

*इस बीच, सितंबर, 2023 के आईआईपी वृद्धि के आंकड़े को संशोधित करते हुए 6.2 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसके 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। एनएसओ ने कहा कि पिछले साल की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन की दर का आकलन करते समय कोविड-19 महामारी से उपजे असामान्य हालात को भी ध्यान रखना होगा।*

# हिंडाल्को बैटरी फॉइल विनिर्माण पर 800 करोड़ रुपए करेगी निवेश

एजेंसी ▸▸| मुंबई



एल्युमीनियम बनाने वाली कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार का लाभ उठाने के लिए 800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ओडिशा के संबलपुर में 'बैटरी फ़ॉइल' विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की अपनी योजना की मंगलवार को घोषणा की। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के अनुसार, सुविधा जुलाई 2025 तक शुरू हो सकती है। इसमें 25,000 टन एल्यूमीनियम फ़ॉइल का उत्पादन होगा जो लिथियम-आयन और सोडियम-आयन सेल्स के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बयान के अनुसार, कंपनी अच्छी गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम फ़ॉइल बनाने की अपनी क्षमता का उल्लेखनीय रूप से विस्तार करने की भी योजना बना रही है, जिसका इस्तेमाल 'रिचार्जेबल बैटरी' में किया जाता है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने कहा, 'हम इलेक्ट्रिक वाहन तथा ग्रिड भंडारण क्षेत्रों के लिए प्रभावशाली दृष्टिकोण के साथ बैटरी सामग्री की मांग में तेजी से वृद्धि देख रहे हैं। ऐसे रणनीतिक क्षेत्रों में कच्चे माल का स्थानीयकरण महत्वपूर्ण है।'

- कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन बाजार का लाभ उठाना चाह रही
- सुविधा जुलाई 2025 तक शुरू होने की संभावना है

### ओडिशा में स्थापित होगी नई इकाई

*पई ने कहा, ' इस प्रकार हिंडाल्को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में बैटरी सामग्री तथा प्रौद्योगिकियों में विभिन्न निवेश कर रहा है। इस नई बैटरी फ़ॉइल मिल में निवेश इस दिशा में एक और कदम है।' कंपनी के अनुसार, ओडिशा में नई इकाई दुनिया भर में गीगा फैक्टरी को सामग्री की आपूर्ति करने की क्षमता को और बढ़ाएगी।*

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Sunita Gulati W/o Sh. S.K. Gulati R/o G-330, Preet Vihar, Delhi, is the owner of Plot No.G-330, Preet Vihar, Delhi. I lost/misplaced original Perpetual Lease Deed of the said property. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No: 1216253/2023 dated 09/12/2023 any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.9599662464 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (CS) or Asstt, Director(CS), DDA, A-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

## निजी क्षेत्र के बैंकों की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत : सचिव



**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने मंगलवार को सरकार के वित्तीय समावेशन अभियान में निजी क्षेत्र के बैंकों की कम भागीदारी पर चिंता जताते हुए उनसे ऐसी योजनाओं को लोकप्रिय बनाने के प्रयासों को बढ़ाने का आह्वान किया। जोशी ने 20वें वैश्विक समावेशी वित्तीय शिखर सम्मेलन में बैंकों और वित्तीय संस्थानों से निष्क्रिय खातों के लिए केवाईसी, बैंक खातों के लिए उत्तराधिकारी की घोषणा और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने पर काम करने को कहा। जोशी ने कहा कि वर्तमान में भारत में 92 प्रतिशत वयस्कों के पास कम से कम एक बैंक खाता है और हर साल करीब तीन करोड़ जन धन खाते जोड़े जाते हैं।

### फॉक्सवैगन जनवरी से वाहनों के दाम बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी फॉक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया ने बढ़ती विनिर्माण और सामग्री लागत के प्रभाव को कम करने के लिए एक जनवरी, 2024 से अपने सभी मॉडलों की कीमत दो प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है।

## रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया शेयर बाजार, सेंसेक्स 377 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में दो दिन की रिकॉर्ड तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 377 अंक से अधिक लुढ़क गया। मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले यह गिरावट आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 377.50 अंक की गिरावट के साथ 69,551.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 484.68 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 90.70 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,906.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 21,037.90 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई तक चला गया था। विदेशी निवेशकों की लिवाली से दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। बीएसई सेंसेक्स पहली बार कारोबार के दौरान 70,057.83 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 21,000 के नीचे 20,997.10 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। जियोजीत फाइनेंशियल के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हाल की उल्लेखनीय तेजी के बाद निफ्टी 50 में कुछ गिरावट आई। इसका कारण खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से नवंबर महीने में मुद्रास्फीति के ऊंचा रहने का अनुमान है। इससे रिजर्व बैंक नीतिगत दर में कटौती में देरी कर सकता है।'

- रिकॉर्ड तेजी के बाद निवेशकों ने की मुनाफावसूली
- विदेशी निवेशकों की बाजार में खरीदारी जारी रही

### इन शेयरों में हुआ नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, मारुति, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### इन शेयरों ने किया लाभ दर्ज

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और आईटीसी शामिल हैं।

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार, रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 12.12.2023

**निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 13**

विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 15.12.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 15.12.2023 से स्थगित कर के 31.01.2024 (बुधवार) कर दी गई हैं।

भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
ईमेल - drsm@rb.railnet.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3913/2023

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन महरौली रोड, गुरुग्राम में एसई टीएस कार्यालय में मरम्मत, रखरखाव और पार्टिशन कार्य। | 08.12.2023 18.12.2023 | 4.81 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | एससीएडीए इंटीग्रेशन (सिरसा) के डी/सी टावर्स-कार्य पर 132 केवी मेहनाखेड़ा-जमाल एस/सी लाइन को अकमोडेट करने के लिए 220 केवी सब स्टेशन मेहनाखेड़ा पर 1 अदद 132 केवी लाइन बे की रचना। | 08.12.2023 16.12.2023 | 8.54 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23323/I/88/7 दि. 12.12.23

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 9 में मदन के मकान से धानक चौपाल तक आईपीबी टाइल्स का निर्माण + 32 कार्य। | 07.12.2023 21.12.2023 | 1.83 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23325/I/88/7 दि. 12.12.23

## राशिफल

**मेष** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** — व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** — सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** — भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर** — किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** — मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**ज्योतिष**

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

**सूचना**


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राजन ने कहा-नई नौकरियां पैदा करना भारत के लिए बड़ी चुनौती



**नई दिल्ली।** भारतीय इकोनॉमी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। मगर, इसके सामने सबसे बड़ी चुनौती नई नौकरियां पैदा करना है। इसके लिए देश को कौशल विकास पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। यह कहना है आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का। वह रोहित लांबा के साथ मिलकर लिखी अपनी किताब 'ब्रेकिंग द मोल्ड : रीइमेजिनिंग इंडियाज इकोनॉमिक फ्यूचर' के बारे में बात कर रहे थे। राजन ने कहा कि भारत के पास 1.4 अरब लोगों की शक्ति है। अब सवाल यह है कि इस शक्ति को कैसे मजबूत कर इसका इस्तेमाल किया जाए। विकास के इस पथ पर बढ़ने के लिए देश को नई नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसमें सबसे बड़ा रोल प्राइवेट सेक्टर निभाने वाला है। उन्होंने चिंता जताई कि कई राज्य नौकरियों को अपने निवासियों के लिए रिजर्व करते जा रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। इससे पता चलता है कि राज्य नौकरियां पैदा करने में विफल हो रहे हैं। नौकरियां सभी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए।

## शब्द पहेली - 5362




**बाएँ से दाए**


1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5361 का हल





# सिर्फ 3 भारतीय खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़, हर्षल और उमेश पर अनसोल्ड का खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के ऑक्शन में 333 खिलाड़ियों का नाम है। इनमें से 214 भारतीय खिलाड़ी हैं और केवल 3 का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये है। ये खिलाड़ी हर्षल पटेल, शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव हैं। हर्षल पटेल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने रिलीज कर दिया है। 2022 में मेगा ऑक्शन में उन्हें 10.75 करोड़ में खरीदा गया था। शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव को कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया। शार्दुल को पिछले साल कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स से 10.75 करोड़ रुपये में ट्रेड किया था। उमेश यादव को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब देखना यह है कि 19 दिसंबर को जब ऑक्शन होगा तब क्या फ्रेंचाइजी हर्षल पटेल और उमेश यादव के लिए बोली लगाएंगी। इन दो खिलाड़ियों पर अनसोल्ड रहने का खतरा मंडरा रहा है।*




### टीम इंडिया से बाहर हैं उमेश

दाएं हाथ के 36 साल के तेज गेंदबाज उमेश यादव का टीम इंडिया से भी पत्ता कट चुका है। आईपीएल 2023 में केकेआर के लिए उनका प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 मैचों में सिर्फ 1 विकेट लिया। आईपीएल में उन्होंने 141 मैच में 136 विकेट लिए हैं। टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। आईपीएल 2022 उनका अच्छा रहा था। 16 विकेट लेने की वजह उनकी टीम इंडिया की लिमिटेड ओवर्स सेटअप में वापसी हुई थी। इसके बाद वह टेस्ट सेट अप से बाहर हो गए। ऐसे में वह अनसोल्ड रह सकते हैं।

### पर्पल कैप जीत चुके हैं हर्षल

हर्षल पटेल के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2021 शानदार रहा था। उन्होंने 32 विकेट लिए थे और पर्पल कैप अपने नाम किया था। 2022 के मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए 10.75 करोड़ रुपये खर्च किया था। 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बाद से वह टीम से बाहर हैं। 33 साल के खिलाड़ी ने आईपीएल 2023 में 13 मैच में 14 विकेट लिए थे।



### दिल्ली कैपिटल्स ने किए सबसे ज्यादा खिलाड़ी रिलीज

आईपीएल की नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स दूसरी ऐसी फ्रेंचाइजी है जिसने सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को रिलीज किया है। दिल्ली की टीम ने 11 खिलाड़ियों को रिलीज किया था, जिसके बाद नीलामी में ये फ्रेंचाइजी खाली पड़े 9 स्लॉट को भरना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स चाहेगी कि ऑक्शन में मध्य क्रम और निचले क्रम को भरा जाए। दिल्ली ने दो बाएं हाथ के गेंदबाजों मुस्तफिजुर रहमान और चेतन साकरिया व कमलेश नागरकोटी को भी रिलीज किया है। राइली रूसो और रोवमन पॉवेल को भी रिलीज कर दिया। ऐसे में उनका लोअर ऑर्डर अब कमजोर नजर आ रहा है।

### ऑक्शन से पहले दिल्ली की टीम

ऋषभ पंत, डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, इशांत शर्मा, पृथ्वी शॉ, खलील अहमद, ललित यादव, प्रवीण दुबे, मुकेश कुमार, यश ढुल, विक्की ओस्तवाल, अभिषेक पोरेल, एनरिक नॉर्खिया, लुंगी एनगिडी।

## आरआर के पर्स में सिर्फ 14 करोड़ 50 लाख

## राजस्थान की नजर तेज गेंदबाज और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों पर

*पिछले साल आईपीएल में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही राजस्थान रॉयल्स इस साल अपनी सारी कामियों को दूर करने की कोशिश में है। ऑक्शन में राजस्थान की नजर मुख्य तौर पर मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज, ऑलराउंडर्स और तेज गेंदबाजों पर होगी। राजस्थान ने अपने नौ खिलाड़ियों को रिलीज किया। ऑक्शन में जाने से पहले राजस्थान रॉयल्स के पर्स में सबसे कम पैसा है। यह टीम महज 14 करोड़ 50 लाख रुपए के साथ अपनी टीम की जरूरतों को पूरा करने उतरेगी।*

RAJASTHAN ROYALS

*राजस्थान रॉयल्स के पास 8 खिलाड़ियों की जगह है। इसमें से तीन विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। ऑलराउंडर के लिए डेरिल मिचेल, न्यूजीलैंड के जिम्मी नीशम पर तथा टीम किसी भारतीय को इस जगह के लिए चुनती है तो शार्दुल ठाकुर पर दांव लगा सकती हैं।*

### रिलीज किए गए खिलाड़ी

देवदत्त पडिक्कल (ट्रेड), जो रूट, जेसन होल्डर, केसी करिअप्पा, मुरुगन अश्विन, अब्दुल बासित, आकाश वशिष्ठ, ओबेड मैकॉय, केएम आसिफ, कुलदीप यादव

**ऑक्शन से पहले पूरी टीम**

संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, एडम ज़म्पा , अवेश खान (एलएसजी से)।

## खबर संक्षेप



### अश्विनी-तनीषा की जोड़ी रैंकिंग में 24वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला बैडमिंटन युगल टीम अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में चार पायदान चढकर 24वें स्थान पर पहुंच गई। 34 वर्ष की अश्विनी और 20 वर्ष की तनीषा ने इस साल जनवरी में साथ खेलना शुरू किया था। दोनों ने रविवार को गुवाहाटी मास्टर्स में चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन और यू चियेन हुइ को सीधे गेम में हराकर दूसरा सुपर 100 खिताब और तीसरा महिला युगल खिताब जीता। दोनों लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। अब उनके 16 टूर्नामेंटों में 44590 अंक हैं। भारत की ही गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली 19 टूर्नामेंटों में 49435 अंक के साथ 19वें स्थान पर हैं। लक्ष्य सेन पिछले दो सप्ताह से नहीं खेलने के बावजूद एक पायदान चढ़कर 17वें स्थान पर हैं।

### सीईओ पद से हट जायेंगे डब्ल्यूटीए चेयरमैन सिमोन

**वाशिंगटन।** डब्ल्यूटीए ने मंगलवार को घोषणा की कि स्टीव सिमोन महिला टेनिस टूर में अपनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारियां छोड़ देंगे जबकि कार्यकारी चेयरमैन की भूमिका में बने रहेंगे। डब्ल्यूटीए के शीर्ष पदों में आगामी बदलाव में एक नये सीईओ को नियुक्त किया जायेगा जो सिमोन को रिपोर्ट करेगा। वहीं डब्ल्यूटीए अध्यक्ष मिकी लॉलर भी पद छोड़ देंगी लेकिन उनकी जगह किसी को नहीं लाया जायेगा। वह 2014 से यह भूमिका निभा रही थीं। सिमोन ने कहा कि सीईओ पद के लिए महिला उम्मीदवार ढूंढने को तरजीह दी जायेगी।



### एमी खिताबी हैट्रिक पूरी करने की दौड़ में



**चेन्नई।** गत चैंपियन एमी कमानी ने मंगलवार को यहां 90वीं सीनियर राष्ट्रीय क्यू स्पोर्ट्स स्नूकर और बिलियर्ड्स प्रतियोगिता के 15-रेड महिला स्नूकर के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर खुद को इस आयोजन के तीसरे खिताब की दौड़ में बनाए रखा। महिलाओं की '6-रेड स्नूकर' का ताज दोबारा हासिल करने के दो दिन बाद एमी ने 15-रेड प्री-क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की स्नेंथा बाबू को 2-0 से हराया। वह इस तरह से एक ही वर्ष में तीन खिताब की सफलता को दोहराने के रास्ते पर है। एमी इससे पहले 2017 में ऐसा करने में सफल रही है। इस बीच, अनुभवी आर उमादेवी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली कर्नाटक की तिकड़ी का नेतृत्व किया जिसमें विद्या पिल्लई और पिछले साल की उपविजेता कीर्तन पांडियन भी शामिल है।

## क्रिकेट: कल से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में भिड़ेंगी दोनों टीमें

# भारतीय महिला टीम इकलौते टेस्ट में इंग्लैंड को टक्कर देने तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को टी-20 सीरीज में इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 1-2 से हार मिली है। अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से शुरू होने वाले इकलौते टेस्ट में आपस में भिड़ेंगी, जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मेजबान टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी।

यह टेस्ट नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेला जाएगा। बता दें कि टी-20 सीरीज में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में भी बरकरार रखा गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी टीम में चुनी गई हैं।

### रेणुका की अगुवाई में होगी गेंदबाजी

दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद अब रेणुका ठाकुर भारतीय तेज गेंदबाजी विभाग की अगुवाई करेंगी। रेणुका ने हाल ही में सम्पन्न हुई टी-20 सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था। उनके अलावा मेघना सिंह, युवा तितास साधु और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा भी टेस्ट टीम में वापस लौटी हैं। अनकैप्ड सतीश शुभा को भी टीम में मौका मिला है।



### ऐसी है इंग्लैंड की टेस्ट टीम

हीदर नाइट की कप्तानी में इंग्लैंड ने टेस्ट के लिए मजबूत टीम चुनी है। टीम में टैमी ब्यूमोंट और सोफी एक्लेस्टोन जैसी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। एक्लेस्टोन टी-20 सीरीज में भी खेलती हुई नजर आई थी।

**इंग्लैंड की टेस्ट टीम:** हीदर नाइट (कप्तान), एमी जोन्स (विकेटकीपर), बेस हीथ (विकेटकीपर), नेट साइवर-ब्रंट, डेनियल व्याट, टैमी ब्यूमोंट, सोफिया डंकले, एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन, एम्मा लैंब, चार्ली डीन, लॉरेन बेल, केट क्रॉस और लॉरेन फिलर।

### भारत ने 15 में से सिर्फ 2 टेस्ट जीते

अब तक भारत और इंग्लैंड की टीमें कुल 15 टेस्ट में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से इंग्लैंड ने सिर्फ 1 मैच जीता है। भारत को 2 में जीत मिली है। इनके अलावा 12 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। दिलचस्प रूप से पिछले 3 टेस्ट भिड़ंत में से 2 में भारत जीता है और 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। दोनों टीमें आखिरी बार 2021 में ब्रिस्टल टेस्ट में आपस में भिड़ी थी, जो ड्रॉ रहा था।

### दोनों टीमों के इन खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

भारत-इंग्लैंड महिला टेस्ट में सर्वाधिक रन मिताली राज ने बनाए हैं। पूर्व भारतीय दिग्गज ने इंग्लैंड के खिलाफ 12 पारियों में 51.10 की औसत से 511 रन बनाए हैं। उनके बाद इस सूची में अंजुम चोपड़ा (448) और चार्लोट एडवर्ड्स (413) हैं। भारत की नीतू डेविड ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 पारियों में 8 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के जीई मैककॉनवे ने 2 पारियों में 7 विकेट लिए हैं। उनके बाद पूर्णिमा राव और गोस्वामी ने 5-5 विकेट लिए हैं।

### भारतीय टेस्ट टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देओल, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़ और पूजा वस्त्राकर।

# भारत जूनियर हॉकी टीम विश्व कप सेमीफाइनल में

### कल जर्मनी से होगा मुकाबला



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी विश्व कप में नीदरलैंड जैसी मजबूत टीम को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से खेलेगी। आखिरी क्वार्टर में रोहित ने लगातार छह पेनल्टी कॉर्नर बचाये और उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### दोनों टीमों के इन खिलाड़ियों दागे गोल

हाफटाइम तक डच टीम 2-0 से आगे थी लेकिन उसके बाद भारत ने वापसी की और दूसरे हाफ में चार गोल दागे। नीदरलैंड के लिये टिमो बोएर्स, पेपिन वान डेर हेडेन और ओलिवियर होर्टेनसियस ने गोल किये। भारत के लिये आदित्य लालागे, अराइजीत सिंह हुंडल, आनंद कुशवाह और कप्तान उत्तम सिंह ने गोल दागे।

### ऐसा रहा मैच का रोमांच

नीदरलैंड टीम ने पहले ही क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे बोएर्स ने गोल में बदला। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में वान डेर हेडेन ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके टीम को 2-0 की बढत दिला दी जो हाफटाइम तक बनी रही। तीसरे क्वार्टर में भारत के अराइजीत सिंह ने लालागे के गोल में सहायक की भूमिका निभाई। पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में ही डच टीम ने फिर एक गोल दागकर बढ़त बनाई लेकिन वह काम न आई।

## अंडर 19 एशिया कप

# नेपाल को हराकर भारत पहुंच सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने 13 रन देकर सात विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने नेपाल को दस विकेट से हराकर अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नेपाल को 22.1 ओवर में सिर्फ 52 रन पर आउट करने के बाद हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 43 रन के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने सिर्फ 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पिछले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आठ विकेट से हारी भारतीय टीम को नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिये आखिरी लीग मैच हर हालत में जीतना था। पहले दोनों मैच हारकर नेपाल पहले ही दौड़ से बाहर हो चुका था।

### ऐसा रहा भारतीय टीम का प्रदर्शन

बड़ौदा के 18 वर्ष के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने किसी भी नेपाली बल्लेबाज को टिकने ही नहीं दिया। लिम्बानी का यह प्रदर्शन हालांकि अंडर 19 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने लाहौर में 2004 में जूनियर एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ 16 रन देकर नौ विकेट लिये थे। वहीं अर्शिन ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े। नेपाल के लिये सर्वाधिक आठ रन हेमंत धामी ने बनाये। नेपाल का कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका।

# एशियाई चैम्पियनशिप में नहीं खेल पाएंगी मीराबाई चानू

**नई दिल्ली।** चोटिल मीराबाई चानू की वापसी में और विलंब होगा क्योंकि ओलंपिक रजत पदक विजेता यह भारोत्तालक अगले साल फरवरी में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में नहीं खेल पायेंगी। पूर्व विश्व चैम्पियन चानू अब भी अक्टूबर में एशियाई खेलों के दौरान लगी 'हिप टेंडिनाईटिस' चोट से उबर रही हैं।

49 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेने वाली चानू ने आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री दो में भी कोई वजन नहीं उठाया। उम्मीद थी कि वह उज्बेकिस्तान के ताशकंद में तीन से 10 फरवरी तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप तक फिट हो जायेंगी लेकिन चानू ने कहा, "मैं इस बार एशियाई चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लूंगी बल्कि मैं विश्व कप में शिरकत करूंगी। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के अनुसार एक भारोत्तोलक को 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप (थाईलैंड के फुकेट में 31 मार्च से 11 अप्रैल तक) में हिस्सा लेना अनिवार्य है।




# इगा स्वियातेक लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| सेंट पीटर्सबर्ग

दूसरे साल सत्र के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करके इगा स्वियातेक ने लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। यह श्रेय हासिल करने वाली वह सेरेना विलियम्स के बाद दूसरी महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई।

पोलैंड की स्वियातेक ने इस साल 68 मैच जीते और 11 गंवाये। उन्होंने फ्रेंच ओपन समेत छह खिताब जीते। पिछले महीने डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीतकर उन्होंने एरिना सबालेंका को नंबर एक रैंकिंग से हटाया। स्वियातेक के कोच टोमाज विक्टोरोवस्की को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला। एलिना स्वितोलिना को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ वापसी का पुरस्कार दिया गया। पिछले साल खेल को अलविदा कहने वाली सेरेना 2012 से 2015 के बीच हर साल वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही। उन्होंने कुल सात बार यह सम्मान हासिल किया।



## रियाद सीजन कप में 1 फरवरी को दोनों का आमना-सामना

# रोनाल्डो-मेसी की आखिरी व ऐतिहासिक भिड़ंत होगी सऊदी अरब में

एजेंसी ▶▶| रियाद

दुनिया भर के फुटबालप्रेमियों को जिस मुकाबले का इंतजार था, वह एक फरवरी को सउदी अरब में होगा जब लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीमें आमने सामने होंगी। मेसी की टीम इंटर मियामी ने सोमवार को पुष्टि की कि वह सउदी अरब में रियाद सीजन कप खेलेगी। उसका सामना अल हिलाल से 29 जनवरी को और रोनाल्डो की टीम अल नस्र से एक फरवरी को होगा।

### सउदी अरब में होगा सामना

सउदी प्रो लीग में ये दोनों क्लब शीर्ष पर हैं और रोनाल्डो लीग में सर्वाधिक गोल कर चुके हैं। इंटर मियामी के खेल निदेशक क्रिस हेंडरसन ने कहा इन मैचों से हमें नये सत्र की तैयारी में मदद मिलेगी। अल हिलाल और अल नासर जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमें खुद को आजमाने का मौका मिलेगा।

### आखिरी बार हो सकता है सामना

दोनों खिलाड़ी पिछली बार इसी साल जनवरी में आमने-सामने आए थे। तब मेसी पीएसजी का हिस्सा थे। अल हिलाल और अल-नस्त्र ने मिलकर पीएसजी का सामना किया था। ऐसा कहा जा रहा है कि आखिरी मौका हो सकता है जब दोनों का सामना होगा। मेसी अब अमेरिकी फुटबॉल का हिस्सा हैं जबकि रोनाल्डो एशिया आ चुके हैं। ऐसे में उनके क्लब के एक-दूसरे के सामने आने की उम्मीद न के बराबर ही है।




### 35 बार हुआ है मेसी-रोनाल्डो का सामना

मेसी और रोनाल्डो क्लब और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 35 बार आमने सामने रहे हैं जिनमें से मेसी की टीम ने 16 और रोनाल्डो की टीम ने 10 मैच जीते हैं जबकि नौ मैच ड्रॉ रहे। इन मैचों में मेसी ने 21 गोल किये और 12 में सहायक रहे। रोनाल्डो ने 20 गोल किये और एक में सहायक रहे। मेसी और रोनाल्डो क्रमशः बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के लिये भी कई बार एक दूसरे के खिलाफ खेल चुके हैं।




# वेद,शास्त्र और संस्कृत का विशेष ज्ञान रखने वाले रामानंदी परंपरा के विद्वान हैं मोहित पांडे

## रामलला की पूजा के लिए नियुक्त किए हैं सीधी के मोहित पांडे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भगवान रामजी की नगरी अयोध्या देशभर के लोगों और विशेषकर सनातन प्रेमियों के लिए महान आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृति महत्व है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के गर्भ गृह की प्राण-प्रतिष्ठा और मंदिर के अभिषेक के लिए सोमवार, 22 जनवरी 2024 की तारीख तय की गई है। वहीं 24 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर कई जाने-माने लोग शामिल होंगे। वहीं प्रधानमंत्री के हाथों रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। फिलहाल मंदिर का कार्य और तैयारी जोरों पर हैं। इस बीच राम मंदिर में होने वाली पूजा के लिए पुजारी का चयन भी हो चुका है। खबरों के अनुसार, राम मंदिर में रामलला की पूजा के लिए पुजारी या पुरोहित मोहित पांडे का नाम सामने आ रहा है। मोहित पांडे मध्य प्रदेश के सीधी जिले से हैं। रामलाल की पूजा के लिए नियुक्त किए जाने वाले पुजारियों के लिए कुछ मापदंड निर्धारित किए गए हैं, जिसमें रामनंदीय परंपरा का विद्वान होना जरूरी है। साथ ही जो पंडित राम मंदिर में पूजा करेंगे, उन्हें वेद, शास्त्र और संस्कृत आदि में विशेषज्ञता भी होनी जरूरी है। इन सभी मापदंडों में मोहित पांडे उत्तीर्ण हुए हैं।

### खास बातें

- मुख्य पुजारी को 39,900 और सहायक को 31 हजार रुपए मिलेगा वेतन
- राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को नियुक्त किया गया है



### कौन हैं अयोध्या राम मंदिर के पुजारी मोहित पांडे

रामलला के सेवक के रूप में चुने गए मोहित पांडे वर्तमान में तिरूपति में तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम द्वारा संचालित (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय ( एसवीवीयू) में एमए (आचार्य) पाठ्यक्रम कर रहे हैं। ये मध्य प्रदेश सीधी के रहने वाले हैं। प्रथम श्रेणी सम्मान के साथ स्नातक पूरा होने पर इन्होंने एमए (आचार्य) पाठ्यक्रम में दाखिला लिया। फिलहाल मोहित पांडे साम वेद विभाग में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि, मोहित पांडे की नियुक्ति अयोध्या रामलला के मंदिर के लिए साम वेद विंग में 'आचार्य' के लिए हुई है। नियुक्ति से पहले मोहित पांडे छह महीने की प्रशिक्षण अवधि से गुजर चुके हैं। इसी तरह से उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से राम मंदिर के लिए अन्य पुजारियों का चयन हुआ है।

### 3 हजार उम्मीदवार हुए थे चयन प्रक्रिया में शामिल

अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के लिए पुजारियों के चयन के लिए बकायदा आवेदन मांगे गए थे। इसमें 3 हजार उम्मीदवारों को शामिल किया गया। चयन प्रक्रिया में पुजारियों के लिए मापदंड निर्धारित किए गए, जिससे सभी को गुजरना पड़ा। इस प्रक्रिया में 200 आवेदक पुजारी साक्षात्कार तक पहुंचे, जिसमें 50 को पुजारी के रूप में चुना गया। इन्हीं 50 पुजारियों में मोहित पांडे का भी नाम शामिल है, जो इन दिनों खूब चर्चा में बने हुए हैं।

### कितना मिलता है वेतन


जानकारी के मुताबिक श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने हाल ही में पुजारियों के वेतन बढ़ाया था। इस ट्रस्ट ने मई माह में पहला इंक्रीमेंट देते हुए मुख्य पुजारी को 25 हजार रुपए और सहायक पुजारियों को 20 हजार रुपए प्रति माह प्रदान करने का निर्णय लिया था। वहीं अक्टूबर माह में पुनः मुख्य पुजारी का वेतन 25 हजार से बढ़ाकर 32,900 रुपए और सहायक पुजारियों का वेतन 31 हजार रुपए किया गया था।

### मुख्य पुजारी होंगे आचार्य सत्येंद्र दास

मोहित पांड के साथ ही अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी 83 वर्षीय आचार्य सत्येंद्र दास भी चर्चा में बने हुए हैं। ये पिछले 31 सालों से राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी हैं और 1992 में बाबरी विध्वंस से लगभग 9 महीने पहले ही आचार्य सत्येंद्र दास यहां पुजारी के रूप में रामलला की पूजा कर रहे हैं। कहा जाता है कि, 1992 में जब इनकी राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा के लिए इनकी नियुक्ति हुई थी, तब इन्हें वेतन के रूप में 100 रूपए मिलते थे। आचार्य सत्येंद्र दास जी साधु बनना चाहते थे। इसलिए इन्होंने अपना घर भी छोड़ दिया और 1958 में अयोध्या आ गए।

## खबर संक्षेप

### वैष्णो देवी के दरबार में शाहरुख ने टेका माथा



**जम्मू।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान एक बार फिर सोमवार-मंगलवार की रात माता वैष्णो देवी के दरबार में माथा टेकने के लिए पहुंचे। अभिनेता शाहरुख अपनी आगामी फिल्म 'डंकी' के रिलीज से पहले माता के दर्शन के लिए पहुंचे। इससे पहले भी फिल्म जवान और पठान के रिलीज होने से पहले उन्होंने धर्मनगरी कटड़ा की यात्रा की थी। उनकी इस यात्रा से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। वीडियो में अभिनेता माता वैष्णो देवी के भवन की ओर बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं।

### उमर को झटका, तलाक की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की एक याचिका को खारिज कर दिया है। इसके जरिये उमर ने अपने से अलग रह रही पत्नी पायल से तलाक मांगे जाने की अर्जी दायर की थी। इसे लेकर हाईकोर्ट ने कहा कि उनकी अपील में कोई योग्यता नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें अब्दुल्ला को तलाक देने से इनकार कर दिया गया था।

### एलओसी के पास दिखा ड्रोन, तलाशी शुरू



**जम्मू।** कश्मीर में आए दिन घुसपैठ के खबरें सामने आतीं है। भारत के बहादुर जवानों की सूझबूझ के कारण उनके मंसूबे सफल नहीं हो पाते हैं। ऐसा ही एक मामला और सामने आया है। जम्मू जिला में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास खौड़ थाना के अंतर्गत पलांवालां इलाके में मंगलवार को सेना और पुलिस तलाशी अभियान चलाया। पहले भी कुछ मामले सामने आ चुके हैं। सेना की सूझबूझ से पकड़े गए हैं।

## वेनेजुएला और गुयाना के बीच हाल ही में कुछ दिनों से बढ़ा है तनाव

# वेनेजुएला और गुयाना के घटनाक्रम पर भारत नजर बनाए हुए हैः विदेश मंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दक्षिण अमेरिकी देशों वेनेजुएला और गुयाना के बीच सैन्य संघर्ष की ओर जाते सीमा विवाद पर नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि हमारा मानना है कि इस मुद्दे को शांतिपूर्वक हल किया जाना चाहिए और तनावपूर्ण कदमों से बचना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर तनाव कम करने के लिए हालिया क्षेत्रीय राजनयिक पहल का स्वागत किया है। मंत्रालय का कहना है कि इस मामले पर पहले से ही अंतरराष्ट्रीय न्यायालय द्वारा विचार किया जा रहा है।

> *विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर तनाव कम करने के लिए हालिया क्षेत्रीय राजनयिक पहल का स्वागत किया है। मंत्रालय का कहना है कि इस मामले पर पहले से ही अंतरराष्ट्रीय न्यायालय द्वारा विचार किया जा रहा है।*

### गुयाना में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं

भारत के गुयाना के साथ मजबूत संबंध हैं




### तेल और गैस का मिला है अथाह भंडार

गुयाना में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं और भारत के गुयाना के साथ मजबूत संबंध हैं। इस दृष्टि से वहां का घटनाक्रम भारत के लिए विशेष चिंता का विषय है। गुयाना के एक क्षेत्र एसेक्विबो पर लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद के कारण वेनेजुएला और गुयाना के बीच हाल के हफ्तों में तनाव बढ़ रहा है, जहां तेल और गैस की बड़े पैमाने पर खोज की गई है। यही क्षेत्र वेनेजुएला और गुयाना के बीच तनाव का कारण है। बता दें कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पड़ोसी देश गुयाना द्वारा नियंत्रित तेल समृद्ध क्षेत्र एस्सेक्विबो पर कब्जा करने की योजना को आगे बढ़ रहे हैं। मादुरो ने देश की तेल कंपनियों को वहां से तेल निकालने के लिए लाइसेंस जारी कर दिए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच जारी सीमा विवाद गहरा गया है। वहीं गुयाना ने अपने रक्षा बलों को अलर्ट कर दिया है। बता दें कि एस्सेक्विबो एक सदी से भी अधिक समय से गुयाना और उससे पहले ब्रिटिश गुयाना के अधिकार में है लेकिन वेनेजुएला इस पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। दरअसल वेनेजुएला का दावा है कि एस्सेक्विबा उसका हिस्सा है। एस्सेक्विबो में तेल का भंडार है। यही वजह है कि दोनों देशों में इसे लेकर विवाद बढ़ गया है।

### वेनेजुएला पांचवां सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता

बता दें कि भारत के आधिकारिक व्यापार आंकड़ों के अनुसार, वेनेजुएला 2019 में देश का पांचवां सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था, जिसने भारतीय रिफाइनरों को लगभग 16 मिलियन टन कच्चा तेल भेजा। वेनेजुएला जैसे तेल-समृद्ध देश में संघर्ष की संभावना पहले से ही अस्थिर स्थिति को जटिल बनाती है, विशेष रूप से मध्य पूर्व संघर्षों और ओपेक सदस्यों के उत्पादन में कटौती के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में अस्थिरता के प्रकाश में।

### गुयाना के राष्ट्रपति का प्रस्ताव

पिछले सप्ताह हुए जनमत संग्रह में वेनेजुएला के लगभग 96% मतदाताओं ने एस्सेक्विबो क्षेत्र को शामिल करने का समर्थन किया। गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने कहा कि जॉर्जटाउन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस मुद्दे को उठाने की योजना बना रहा था और इस बात पर विचार कर रहा था कि क्या काराकस के एस्सेक्विबो को शामिल करने का निर्णय - जिसमें गुयाना के नियंत्रण के तहत दो-तिहाई क्षेत्र शामिल है - एक प्रस्ताव है।

### दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर तैनात,बढ़ा दी चौकसी

तनाव को देखते हुए दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर तैनात हैं। पिछले हफ्ते वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक जनमत संग्रह बुलाया था जिसमें वेनेजुएला के मतदाताओं ने नए वेनेजुएला राज्य के निर्माण का समर्थन किया और विवाद को खारिज कर दिया। दूसरी ओर, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने कहा है कि गुयाना की सीमा पर कोई चर्चा नहीं है। गुयाना के राष्ट्रपति ने विवाद की मध्यस्थता में आईसीजे के अधिकार क्षेत्र का समर्थन किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अली और मादुरो इस मामले पर विचार-विमर्श करने के लिए गुरुवार को कैरेबियाई द्वीप सेंट विसेंट में मिलने वाले हैं।



मलबे से निकाले जा रहे शव

# खैबर पख्तूनख्वा के थाने में हमला, 24 सैनिकों की मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के डेरा इस्माइल में बड़ा फिदायीन हमला हुआ है। एक पुलिस स्टेशन पर हुए हमले में 24 सैनिकों की मौत हुई। धमाका इतना भीषण था कि पुलिस स्टेशन के तीन कमरे ढह गए। कई लोग इसके नीचे दब गए। मलबे के शव को निकालने की कोशिश की जा रही है। इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान ने ली है। आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से लगे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने पर हमला हुआ है।

आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 16 घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया जबकि पुलिस की नई टुकड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और बाद में तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अपेक्षाकृत अज्ञात आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे इस आतंकी संगठन का हाथ रहा है। इसके प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इस हमले को आत्मघाती मिशन (फिदायीन हमला) करार दिया। हमले के कारण जिले के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया जबकि सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए।

### टीजेपी ने ली थी जिम्मेदारी

इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के प्रवक्ता मुल्ला मुहम्मद कासिम ने मियांवली के एयरबेस पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने दावा किया है कि अभी कई और हमले किए जाएंगे। यह आतंकी संगठन पाकिस्तान में अफगानिस्तान की तर्ज पर सरकार बनाना चाहता है। पिछले काफी समय से वह सरकारी विभागों को अपना शिकार बना रहा है।

## लेफ्टिनेंट जनरल वकार-उज़-ज़मान ने बताई तैयारी

# सख्त सुरक्षा के बीच 7 जनवरी को होंगे बांग्लादेश में चुनाव

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश सेना ने कहा कि वह कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैनिकों को तैनात करेगी क्योंकि देश 7 जनवरी के आम चुनावों के लिए तैयार है और विपक्षी दलों की मांग है कि चुनाव एक अंतरिम गैर-पक्षपातपूर्ण सरकार के तहत होने चाहिए। आयोग चाहता है कि हम सशस्त्र बलों को स्वस्थ माहौल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैनात किया जाए। सशस्त्र बल प्रभाग के प्रमुख स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल वकार-उज़-ज़मान ने कहा, हमने उन्हें हर तरह का समर्थन सुनिश्चित किया।

## सत्ता में आठ साल का कार्यकाल समाप्त

# पोलैंड के नए प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, मुहर लगी

एजेंसी ▶▶ वॉरसॉ

डोनाल्ड टस्क पोलैंड के अगले पीएम होंगे, पोलैंड की संसद ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। मौजूदा पीएम माट्यूज़ मोराविकी के संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान के दौरान टस्क के पक्ष में 248 पड़े, जबकि 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया। 15 अक्तूबर को हुए आम चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन ने जीत हासिल की थी।

### पोलिश संसद के सदस्य विश्वास मत रखेंगे



टस्क अपने मंत्रिमंडल को संसद में पेश करने और अपने शासन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए तैयार हैं। इसके बाद, पोलिश संसद के सदस्य विश्वास मत रखेंगे। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा के कार्यालय ने कहा कि वह नई सरकार को शपथ दिलाने के लिए तैयार होंगे।

संयुक्त राष्ट्र पहुंचा पाकिस्तान

# अनुच्छेद 370 पर चीन ने उगला जहर,भारत ने दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को वैध ठहराने के बाद पाक जहां बौखलाया हुआ है, वहीं चीन ने अब तक चुप्पी साध रखी थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद चीन ने कहा है कि कश्मीर का मुद्दा भारत और पाक के बीच इतिहास से जुड़ा हुआ है। चीन ने कहा कि इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और द्विपक्षीय समझौतों के जरिए शांतिपूर्वक तरीके से हल किया जाना चाहिए।

### पाकिस्तान में हो रहे अत्याचार पर लगाम लगाएं



भारत ने कहा कि इसकी बजाय पाकिस्तान अपने देश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन बंद करवाए और भारत की जमीन के अंदर सीमापार आतंकवाद पर लगाम लगाए। भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसला देने के बाद से पाकिस्तान की केयर टेकर सरकार और वहां के नेता बौखलाए हुए हैं। शहबाज शरीफ हों या बिलावल भुट्टो, सभी जहर भरे बयान दे रहे हैं।

### पाक ने माना एकतरफा फैसला

पाक ने कहा है कि भारतीय सर्वोच्च अदालत का फैसला हम नहीं मानते हैं। भारत को कश्मीर के दर्जे को एकतरफा तरीके से बदलने का कोई अधिकार नहीं है। चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि भारतीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव का उल्लंघन करता है। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी इसलिए अपने बयान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का जिक्र किया है।

# अदार पूनावाला ने लंदन में खरीदा दुनिया का सबसे महंगा घर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के सीईओ अदार पूनावाला लंदन में सबसे महंगे घर पर दांव लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नए घर की कीमत 1,446 करोड़ रुपए है और इसे साल 2023 के सबसे महंगे आशियाने के तौर पर देखा जा रहा है। इसका लोकेशन लंदन के मशहूर हाइड पार्क के पास है और इसकी पहचान एबरकॉनवे हाउस के नाम से है। लगभग एक सदी पुराने इस हाउस का अधिग्रहण अदार पूनावाला परिवार के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की यूके सहायक कंपनी सीरम लाइफ साइंसेज द्वारा किया जाएगा।

### कौन है अदार पूनावाला

अदार पूनावाला की कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड वैक्सीन बनाई है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया विकासशील देशों के लिए कम लागत वाले वैक्सीन का उत्पादन करके दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन निर्माता बन गया है। इस इंस्टीट्यूट ने खसरा, पोलियो और टिटनेस के वैक्सीन का उत्पादन भी किया है। बता दें कि अदार के पिता अरबपति साइरस पूनावाला ने इस इंस्टीट्यूट की स्थापना की थी। साइरस पूनावाला की दौलत 16.8 बिलियन डॉलर है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक साइरस पूनावाला अरबपतियों की रैंकिंग में 108वें स्थान पर हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109